

बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विस यादव ने संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) पर सीएम मनोहर लाल से भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 220 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## फास्ट न्यूज

### दोहरे हत्याकांड में प्रभुनाथ सिंह सुप्रीम कोर्ट में दोषी करार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बिहार से चार बार सांसद रह चुके आरजेडी नेता प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में हुए दोहरे हत्याकांड में दोषी करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को सजा पर बहस के लिए उन्हें अपने सामने पेश करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह को कोर्ट में पेश करें। 1 सितंबर को प्रभुनाथ सिंह की सजा पर बहस होगी। प्रभुनाथ सिंह हत्या के एक अन्य मामले में हजारीबाग की जेल में पहले से उम्र कैद की सजा काट रहे हैं। प्रभुनाथ सिंह पर 1995 में मशरख के एक मतदान केंद्र पर दो लोगों की हत्या का आरोप है। आरोप था कि दोनों लोगों ने मतदान में प्रभुनाथ सिंह समर्थित उम्मीदवार को वोट नहीं दिया था। इसलिए दोनों की हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक राजेंद्र राय के भाई हरेंद्र राय ने गवाहों को धमकाने की शिकायत की थी, जिसके बाद मामला छपरा की कोर्ट से पटना ट्रांसफर कर दिया गया था। पटना के ट्रायल कोर्ट ने प्रभुनाथ सिंह को बरी कर दिया था। उसके बाद पटना हाई कोर्ट ने भी 2012 में प्रभुनाथ सिंह को बरी कर दिया था। हाई कोर्ट के आदेश को हरेंद्र राय ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल : शाह

**नई दिल्ली/नोएडा**
उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में शुक्रवार को चार करोड़वां पौधा लगाने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे।

# हिमाचल: तबाही के बाद राज्य आपदा घोषित

= नोटिफकेशन जारी, चारों सांसदों पर जमकर बरसे सीएम, कांगड़ा एवं इंदौरा में तत्परता से काम करते हुए लोगों के जीवन को बचाया गया

**अधिसूचना जारी**

8 अब तक राज्य को प्राकृतिक आपदा से करीब 10 हजार करोड़ रुपए नुकसान हो चुका है : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**शिमला। प्रदेश** सरकार ने समूचे हिमाचल को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव ओंकार शर्मा ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि अब तक राज्य को प्राकृतिक आपदा से करीब 10 हजार करोड़ रुपए नुकसान हो चुका है। राज्य को केंद्र सरकार से अंतरिम राहत की पहली किस्त मिलने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार मदद पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। सेना , एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होम गार्ड, दमकल विभाग व स्थानीय लोगों की मदद राहत कार्यों में ली जा रही है। नतीजतन जन धन पशु, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा एवं इंदौरा में सरकार ने तत्परता से काम करते हुए लोगों के जीवन को बचाया गया है। राज्य में पेयजल, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था व सडकों सहित अन्य संसाधनों को भी भारी क्षति पहुंची है। अभी तक राज्य में 12 हजार से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 330 लोगों की बहुमूल्य जान चली गई हैं। प्रदेश में कृषि और बागवानी को भी भारी नुकसान हुआ है। राज्य में संचार व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रदेश में जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है और व्यावसायिक गतिविधियां भी आपदा से अछूती नहीं रही हैं। प्रदेश के कई क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। खतरे के दृष्टिगत बहुत से लोगों को उनके घरों से सुरक्षित निकालकर दूसरे स्थानों पर पहुंचाया गया है।





### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल आपदा के लिए दिए 11 करोड़ रुपए

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यहां बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों को मदद प्रदान करने में यह सहायता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण प्रदेश में दस हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ है।

## विस्थापितों को दिलाई जाएगी जगह: सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**प्रदेश** आपदा से बुरी तरह जूझ रहा है 10 हजार करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हो चुका है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर आपदा ग्रस्त क्षेत्र का खुद जाकर आकलन कर रही है। मगर हैरानी इस बात की है कि प्रदेश के चार सांसदों को भी प्रदेश की जनता नहीं चुनकर दिल्ली भेजा था मगर वे कुछ नहीं कर रहे हैं। सिरमौर प्रवास के दौरान सिरमौरी ताल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन्हें घेरते हुए कहे। लोगों के दर्द को सुनकर भावुक हुए मुख्यमंत्री ने हर समस्या का समाधान करने का वायदा भी किया। उन्होंने जहां अब विधायक निधि को अब सुरक्षा के पैरामीटर्स के लिए इस्तेमाल करने के लिए कहा है तो वहीं उन्होंने अब वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार जो सुरक्षा प्रबंध आने वाले समय के लिए किए जाने हैं उसका भरोसा भी दिलाया।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिनका घर बार सब कुछ उजड़ चुका है उन्हें फॉरेस्ट लैंड छोडकर जहां पर जमीन उपलब्ध होगी उन्हें स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सिरमौर के एकमात्र मंत्री हर्षवर्धन चौहान कि अपने क्षेत्र के प्रति चिंता को लेकर भी जनता को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हर्षवर्धन चौहान ने मुझे बार-बार कहा और मैं खुद यहां के हालात देखने के लिए आज पहुंचा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा मैंने अपनी उम्र के 55-56 साल में ऐसी आपदा पहली बार देखी है। मगर उन्होंने यह बात भी कही कि यह भगवान का शुक्र है कि लोगों की जान बच गई। उन्होंने एक बार फि र कहा कि जहां आजकल विपक्ष में बैठी भाजपा आपदा का अभी राजनीतिक कारण कर रही है ऐसे में उन्होंने विदेशी दरबार करते हुए कहा कि आपको भी प्रदेश की जनता ने चुनकर दिल्ली भेजा है।

## भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता: प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की मौलिक ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी से जुड़े पंचायत सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने दादर और नागर हवेली और दमन और दीव में आयोजित भाजपा क्षेत्रीय पंचायत परिषद को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी की जो मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता एक ऐसा पद है (भाजपा में) जो जीवन भर हमारे साथ रहता है। प्रधानमंत्री ने भाजपा के जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव को सुझाव दिया कि कैसे संगठन कार्यकर्ताओं की मदद से आप अपनी परफॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं। हमें 4-5 अवसर ऐसे निकालने चाहिए, जिसमें सरकार के नेतृत्व में, पंचायत के नेतृत्व में पूरे जिले का जन सामान्य उससे जुड़ जाए।




**मूलमंत्र**

8 बीजेपी की मूलभूत शक्ति है, वह उसका कार्यकर्ता है कार्यकर्ता एक ऐसा पद है जो जीवन भर साथ रहता है : मोदी

## भारत तपेदिक को खत्म करने की राह पर : प्रधानमंत्री मोदी

**सफलता**

8 टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है : पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले ही तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की राह पर है। प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। स्वास्थ्य पहल की सफलता में एक प्रमुख कारक के रूप में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लोगों से 'नि-क्षय मित्र' या 'टीबी उन्मूलन के लिए मित्र' बनने का आह्वान किया है, जिसके तहत लगभग 1 मिलियन रोगियों को नागरिकों द्वारा अपनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, "अब, हम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं।" महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा मानते थे कि उन्होंने इस विषय पर "स्वास्थ्य की कुंजी" नामक पुस्तक लिखी थी।



## आरबीआई ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियम बदले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने लोन अकाउंट्स पर जुर्माना लगाने के नियमों में बदलाव किया है। आरबीआई ने इसको लेकर संशोधित नियम जारी किए हैं। रिजर्व बैंक के नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। आरबीआई ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के दंडात्मक ब्याज को लेकर अधिसूचना जारी की है। रिजर्व बैंक ने ह्यउचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में जारी अधिसूचना के मुताबिक बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। अधिसूचना के मुताबिक कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे दंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। रिजर्व बैंक ने दंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। आरबीआई की अधिसूचना के मुताबिक दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा।





**बढ़ावा**

8 अब लगेगा सिर्फ 'उचित' दंडात्मक शुल्क, एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की नहीं होगी अनुमति

## चांद के बेहद करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** का सबसे अहम अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान धीरे-धीरे अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। यान ने गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग होने के बाद मनमोहक तस्वीर भेजी है। इसरो द्वारा जारी इस वीडियो को लैंडर इमेजर कैमरा-1 से कैप्चर किया गया है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के लैंडर पोजिशन डिटेक्शन कैमरा (एलपीडीसी) द्वारा ली गई चंद्रमा की एक अन्य तस्वीर जारी की है, जिसको यान ने 15 अगस्त को कैप्चर किया था।

मालूम हो कि यान ने 17 अगस्त यानी गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग कर दिया।



## युवा आज का नेता और कल का निर्माता है: योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ/वाराणसी**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं युवा साथियों के बारे में सोचता हूं, कहीं से लगता है कि युवाओं की प्रतिभा पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास किया जाता है तो मुझे इस बात का दुख होता है कि कौन सा ऐसा कालखंड नहीं था, जब युवाओं ने अपनी प्रतिभा व ऊर्जा से समाज को नई दिशा न दी हो। प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था 'निसचर हीन करउं महि, भुज उठाई पन कीन्ह'... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस व राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले 'परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम्' का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी में कहीं।



**आह्वान**

8 राम हों या कृष्ण, शंकराचार्य हों या विवेकानंद, युवाओं ने हर कालखंड में दी समाज को नई दिशा : सीएम योगी

## भारत के पहले 3डी-मुद्रित डाकघर भवन का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में भारत के पहले 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित डाकघर का उद्घाटन किया। 1100 वर्ग फुट के 3डी-प्रिंट डाकघर भवन का उद्घाटन बेंगलुरु के उल्सूर बाजार के पास कैम्ब्रिज लेआउट में किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इसी के तहत 3डी-प्रिंटेड इमारत का निर्माण एक महत्वपूर्ण पहल है।अश्विनी वैष्णव ने आगे कहा कि यह सब इसलिए संभव है, क्योंकि देश के पास एक ऐसा नेतृत्व है जो निर्णायक है और उसे हमारे लोगों की क्षमताओं पर भरोसा है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह शहर हमेशा भारत की एक नई तस्वीर पेश करता है। वैष्णव ने कहा कि इस 3डी-प्रिंट डाकघर भवन की नई तस्वीर ही आज भारत की भावना है।

**आंकड़े अपलोड**

बिहार सरकार बोली- सर्वे का काम पूरा, याचिकाकर्ता के वकील की मांग- ब्योरा रिलीज करें

## नीतीश को राहत: जातीय गणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** में जाति आधारित गणना पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के फैसले पर किसी भी तरह की रोक लगाने से मना कर दिया है। सुनवाई के दौरान बिहार सरकार की ओर से बताया गया है कि बिहार में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। आंकड़े भी अपलोड कर दी गई है। जिसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने बिहार में हो रही जातिगत गणना का ब्योरा रिलीज कराने की मांग कर दी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि बिहार सरकार का पक्ष सुने बिना कोई रोक नहीं लगाई जा सकती। इससे पहले 14 अगस्त को सुनवाई टल गई थी। इस मामले पर दाखिल की गई दूसरी याचिकाएं भी 18 अगस्त को लिस्टेड थीं। सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। पटना हाईकोर्ट ने जातीय गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं 1 अगस्त को खारिज कर दी थीं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सरकार चाहे तो गणना करा सकती है। इसके तुरंत बाद नीतीश सरकार ने जातीय गणना को लेकर आदेश जारी कर दिया था। सरकार ने सभी डीएम को आदेश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर जातीय गणना के बचे काम को पूरा करें। पिछले एक सप्ताह से यह काफी तेजी से हो रहा है। पटना जैसे बड़े जिले का काम लगभग पूरा होने वाला है। विभागीय सूत्रों की माने तो लगभग यह काम खत्म हो चुका है। डेटा कलेक्शन का काम भी पूरा हो गया है। अब डेटा को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है।

**500 करोड़ खर्च करने की योजनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुसार बिहार सरकार जातीय गणना नहीं, सिर्फ लोगों की आर्थिक स्थिति और उनकी जाति से संबंधित जानकारी लेना चाहती है। जिससे उनकी बेहतरी के लिए योजना बनाई जा सकें।



**योजना**

8 डेटा कलेक्शन का काम भी पूरा हो गया है। अब डेटा को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है

## बिना शादी के पैदा हुए बच्चों को भी मिल सकती है पैतृक संपत्ति?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को साल 2011 की एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में एक जटिल कानूनी मुद्दा उठाया गया था, जिसमें पूछा गया था कि बिना शादी के पैदा हुए बच्चे क्या हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदार होंगे या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका पर विभिन्न वकीलों की दलीलें सुनीं और फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।



**पैतृक संपत्ति में मिल सकता है हिस्साः** बता दें कि सुप्रीम कोर्ट इस बात का भी फैसला करेगा कि क्या बिना शादी के पैदा हुए बच्चों का अधिकार, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 16(3) के तहत सिर्फ अपने माता-पिता द्वारा अर्जित की गई संपत्ति पर ही होगा या फिर पूरी पैतृक संपत्ति पर भी उसका अधिकार होगा। 31 मार्च 2011 को दो जजों की पीठ ने इस मामले को बड़ी पीठ के पास भेज दिया था।

**'बदलते समाज में स्थिर कानून नहीं रख सकते'ः** कोर्ट ने कहा कि 'प्रावधान साफ हैं कि शून्य या निरस्तीकरण शादी से पैदा हुए बच्चे सिर्फ अपने माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं।' हालांकि मौजूदा पीठ ने इस फैसले से असहमति जताई है कि बिना शादी के पैदा हुए बच्चे अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते।

# बड़े सपने देखो और पूरा करने की कोशिश करो: राधिका चीमा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा कला परिषद, अम्बाला मंडल एवं आर्य गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने मुख्यातिथि राधिका चीमा, ट्रस्टी आई.के.जे. केयर फाउंडेशन, अम्बाला और विशिष्ट अतिथि वंदना गोयल, अध्यक्ष, इन्नरव्हील क्लब अम्बाला को स्मृति चिन्ह, पौधा और शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में तीज उत्सव का बड़ा महत्व है। तीज का त्योहार हमारे सांस्कृति, सामाजिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है और हरियाली तीज सौंदर्य और प्रेम के साथ धर्म का भी उत्सव है। इस त्योहार को मनाने का उद्देश्य

**मूल्य**

**8 तीज का त्योहार हमारे सांस्कृति, सामाजिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है**

छात्राओं को पौराणिक भारतीय संस्कृति से जोड़ना और प्राचीन संस्कृति से अवगत कराना है। हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक श्री नागेंद्र शर्मा, भिन्न-भिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित ने 33 वर्षों में लगभग 60 नाटकों का निर्देशन व उनमें अभिनय किया। उन्होंने कहा कि तीज सावन के महीने में मनाया जाता है। महिलाएं झूला झूलती हैं, नृत्य और संगीत द्वारा इस पर्व को मनाती हैं और इस पर्व के माध्यम से कला और संस्कृति भारत में जीवित है। अतः हम सभी को



मिलकर प्रेमपूर्वक इस त्योहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में एलुमनाई एसोसिएशन की प्रधान श्रीमती सुनीला विग व अनुसूइया दत्ता भी उपस्थित रही। मुख्यातिथि श्रीमती राधिका चीमा, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रांड और एशिया मोस्ट ट्रस्टीड ब्रांड से सम्मानित, स्वच्छ भारत अभियान अम्बाला की ब्रांड एम्बेजडर ने कहा कि साहस और ऊर्जा के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी रहना चाहिए। महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बड़े सपने देखो और पूरा करने की कोशिश करो। विशिष्ट अतिथि श्रीमती वंदना गोयल इन्नरव्हील क्लब अम्बाला की प्रेसीडेंट ने कहा कि तीज त्योहार भारत के भिन्न-भिन्न राज्यों में खुशी से मनाया जाता है। महिलाओं में उत्साह और खुशी जागृत करना भी इस त्योहार का उद्देश्य है। इस त्योहार को हरियाली तीज भी कहते हैं। यूथ क्लब कनवीनर प्रो. सिल्वी अग्रवाल और डॉ. रेखा वासु ने मंच संचालन किया व कहा कि हर्ष और उल्लास का यह त्योहार भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बहुत सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कॉलेज में छात्राओं और अध्यापिकाओं ने झूला झूला। हरियाणवी नृत्य, पंजाबी भंगड़ा, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर इस त्योहार को हर्षोल्लास से मनाया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ क्लब के सदस्य डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. शची शुक्ला, डॉ. सुनीता, डॉ. अनु वर्मा का योगदान रहा। टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**मेहंदी प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-** प्रथम पुरस्कार ज्योति, बी.कॉ. प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार वंशिका, बी.ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार पलक, बी.कॉम तृतीय वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार लक्ष्मी, प्राची, रोशनी, निशु को दिया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया।

# केयू में रैगिंग विरोधी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग में एलएलबी. व एलएलएम के विद्यार्थियों के लिए रैगिंग विरोधी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता, विधि विभाग के अध्यक्ष व अधिष्ठाता, प्रो. अमित लुदरी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को रैगिंग का विरोध करने की प्रेरणा देते हुए विभिन्न नियमों व अधिनियमों का ज्ञान करवाया।इस अवसर प्रो. जितेन्द्र शर्मा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं प्रो. सी. आर जिलोवा, विधि विभाग मुख्य अतिथि रहें। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को उपरोक्त विषय से परिचित करवाते हुए विभिन्न नियमों व अधिनियमों की जानकारी दी।

विधि संस्थान के निदेशक प्रो. दिलीप कुमार, मानव संसाधन विकास केन्द्र की निदेशिका प्रो. प्रीति जैन, प्रो. अजीत चहल एवं प्रो. महावीर सिंह रंगा ने भी उपरोक्त विषय पर अपने विचार सांझा किए। प्रो. महावीर सिंह रंगा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच का संचालन, पूजा, सहायक प्राध्यापक, विधि विभाग ने किया।

# एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया वन महोत्सव: गुरदेव




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अपने कार्यालय के आसपास खाली क्षेत्र में पौधारोपण करके वन महोत्सव मनाया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर पर भाग लिया और खाली जगह पर पौधे रोपित किए। एक्स सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गुरदेव सिंह सैनी ने कहा की पौधे मनुष्य के प्रेरणा स्रोत होते हैं। पौधों से हमें प्रेरणा लेकर पौधों की तरह परोपकार के कार्य करने चाहिए। सैनी ने कहा कि पौधे हमें फल, लकड़ी , ऑक्सीजन, छाया, औषधि देते हैं अर्थात जीवन से लेकर मृत्यु तक

**प्रेरणा**

**8 पौधे मनुष्य के प्रेरणा स्रोत होते हैं। पौधों से हमें प्रेरणा लेकर पौधों की तरह परोपकार के कार्य करने चाहिए**

पेड़ पौधे मनुष्य के कहीं न कहीं काम आते रहते हैं। उन्होंने कहा कि पौधे मनुष्य को देते बहुत कुछ है लेकिन मनुष्य से लेते कुछ भी नहीं बल्कि मनुष्य फलदार पेड़ों पौधों से फल तोड़ने के लिए उन पर ईट पत्थर मारकर कर पौधों को क्षति पहुंचाते हैं ,फिर भी पौधे द्वेष रहित होकर मनुष्य को फल देते हैं ।

# गीता विद्यालय के छात्रों ने एंटी तंबाकू निषेध रैली निकाली




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी आर्मी और एयर विंग के कैडेट्स ने एंटी तंबाकू रैली निकली ।जिसमें विद्यार्थियों को तंबाकू युक्त पदार्थों का सेवन न करने बारे शपथ दिलवाई गई । विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि तंबाकू युक्त पदार्थों का सेवन न करके हम कैंसर टीवी जैसे भयंकर बीमारियों से बच सकते है। इस अवसर पर एनसीसी विद्यार्थियों ने जीवन में कभी भी तंबाकू युक्त पदार्थों का सेवन न करने के बारे में शपथ ली।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी विकास कुमार, जयदीप मेहता और नीरज शर्मा व अन्य आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्रियां कराने वाले दुकानदारों ने अनिल विज का किया धन्यवाद

**आभार**

**8 स्वामित्व योजना के तहत किराएदारों के नाम दुकानों की रजिस्ट्रियां कराने का रास्ता साफ हो गया**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत अम्बाला छावनी नगर परिषद के किराएदार अब दुकानों के मालिक बनने लगे हैं। स्वामित्व योजना के तहत किराएदारों के नाम दुकानों की रजिस्ट्रियां कराने का रास्ता साफ हो गया है और सबसे पहले सेट में अम्बाला छावनी के दस दुकानदारों के नाम रजिस्ट्रियां हुई हैं। इन दुकानदारों ने गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया और उन्हें अपना मसीहा कहा। दुकानदारों ने कहा कि आज तक वह केवल नगर परिषद के किराएदार थे, मगर मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से वह दुकानों के मालिक बन गए हैं। स्वामित्व योजना के तहत सबसे पहले दुकानदार संजीव कुमार, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, राजीव मल्होत्रा, आशीष मल्होत्रा, अश्विनी, युवराज के अलावा अन्य दुकानदारों के नाम रजिस्ट्रियां हुई हैं। दुकानदारों ने गीत गाते हुए मंत्री अनिल विज का आभार जताया।

गौरतलब है कि योजना के तहत नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने एवं 100 गज से कम दुकानों के किराएदार आवेदन कर सकते हैं। अम्बाला छावनी में नगर परिषद की अलग-अलग बाजारों में हजारों दुकानें हैं और योजना का लाभ लेने के लिए छावनी के 928 किराएदार अब तक नगर परिषद में आवेदन कर चुके हैं।

**गृह मंत्री अनिल विज के आदेशों पर नगर परिषद में स्वामित्व योजना सेल स्थापित:** दुकानदारों के आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए गृह मंत्री अनिल विज के निर्देशों पर छावनी नगर परिषद में ह्लस्वामित्व योजना सेलह्व स्थापित कर दिया गया है जोकि आवेदनों पर कार्रवाई करेगा साथ ही आवेदन करने वाले दुकानदारों से समन्वय भी स्थापित करेगा ताकि उन्हें परेशानी न झेलनी पड़े। आवेदन करने वाले दुकानदार अब इस स्वामित्व योजना सेल से जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**कलेक्टर रेट में दुकानदारों को राहत मिलेगी, जितनी पुरानी दुकान उतना कम लगेगा कलेक्टर रेट:** स्वामित्व योजना के तहत नगर परिषद के किराएदारों के पास जितनी पुरानी दुकान होगी उन्हें उतनी ज्यादा छूट प्रदान की जाएगी। अगर 20 से 25 साल पुराना किराएदार है तो कलेक्टर रेट की 80 प्रतिशत कीमत देनी होगी। 25 से 30 वर्ष पुराने किराएदार को 75 प्रतिशत कीमत देनी होगी, 30 से 35 वर्ष पुराने किराएदार को 70 प्रतिशत, 35 से 40 प्रतिशत पुराने किराएदार को 65 प्रतिशत, 40 से 45 वर्ष पुराने किराएदार को 60 प्रतिशत, 45 से 50 प्रतिशत पुराने किराएदार को 55 प्रतिशत और 50 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदार को 50 प्रतिशत ही राशि देनी होगी।

**गृह मंत्री के प्रयासों से कैबिनेट बैठक में मिली थी मंजूरी:** हरियाणा में 20 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदारों को मालिकाना हक देने के लिए योजना बनी थी। कुछ माह पूर्व कैबिनेट में गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से प्रस्ताव पारित कर अम्बाला छावनी को योजना में शामिल किया गया जिसके बाद नगर परिषद के किराएदारों ने आवेदन प्रारंभ किए थे। इसके उपरांत गत 6 जुलाई को नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री अनिल विज ने दुकानदारों को डिमांड पत्र भी वितरित किए थे।

# रणदीप को एमपी का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर समर्थकों ने जताई खुशी

**दैनिक नेशन एजेंडा/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव व राजस्थान से राज्यसभा रणदीप सुरजेवाला को मध्यप्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त करने पर समर्थकों ने खुशी जताई है। समर्थकों ने कहा कि सुरजेवाला को जो जिम्मेदारी मिलती है। उसे वे बखूबी निभाते हैं। पहले उन्हें कर्नाटक की जिम्मेदारी मिली थी। जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। अब उन्हें मध्य प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है तो यहां पर जीत निश्चित तौर पर होगी। वहीं, रणदीप सुरजेवाला का कहना है कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। इसे वे बखूबी निभाएंगे।

कांग्रेस नेत्री रीना बाल्मीकि ने कहा कि कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को यह पद



मिलने के बाद उनका कद बढ़ा है। वे हरियाणा प्रदेश में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के हित के कार्य करने के लिए दिन-रात जुटे रहते हैं। कांग्रेस नेत्री प्रवेण राणा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला की कार्यशैली काफी अच्छी है। अब उन्हें मध्यप्रदेश का प्रभारी महासचिव बनाया गया है तो वहां पर संभावित तौर पर पारदर्शी परिणाम आएंगे। यदि किसी भी सेना में यदि सेनापति प्रभावी हो तो उनकी सेना भी आगे बढ़ती है। सुरजेवाला भी ऐसे ही नेता है। उनकी लोकप्रियता भी इसी वजह से ज्यादा है। कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश मिश्रा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला पार्टी में अपनी अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। पार्टी ने उन पर एक बार फिर से विश्वास जताते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें आशा है कि एक अच्छा कार्यकर्ता व नेता होने के नाते वे मध्य प्रदेश में भी पार्टी का मान बढ़ाएंगे। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने सांसद रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त करने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला ने हाईकमान के निर्णय को सही ठहराते हुए कर्नाटक में पार्टी को बहुमत से जिताने में अहम रोल अदा किया था। अब मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस जीत हासिल कर सकती है।

**जश्न मनाया**

**8 सुरजेवाला ने हाईकमान के निर्णय को सही ठहराते हुए कर्नाटक में पार्टी को बहुमत से जिताने में अहम रोल अदा किया था**

# आरसेटी पानीपत की ग्रेडिंग के लिए वार्षिक क्रियाकलापों की हुई जाँच



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**जयप्रकाश** नारायण पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ( आरसेटी )पानीपत की ग्रेडिंग के लिए वार्षिक क्रियाकलापों की जाँच ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा करवाई गयी जिस के ग्रेडिंग ऑफिसर बैंक ऑफ इंडिया बैंक से मोहम्मद शाह नवाज रहे। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022 -23 का वार्षिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की गुणवत्ता की जाँच व प्रशिक्षण की समीक्षा की गयी निरीक्षण के दौरान वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में चलाए गए बैचो का निरीक्षण किया गया

निरीक्षण करते हुए दो भागों में ग्रेडिंग की गई पहले भाग में हुमेन रिसोर्सेज ,फिजिकल इन्फ्राट्रक्चर ,ट्रेनिंग प्रैक्टिस, डिटेल ऑफ ट्रेनिंग प्रोग्राम्स इत्यादि का निरीक्षण किया गया दूसरे भाग में निरीक्षण करते हुए पोस्ट ट्रेनिंग प्रैक्टिस में जागरूकता शिविरों ,फॉलो अप, सक्सेस स्टोरी इत्यादि का निरीक्षण किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष देश में सभी प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग की जाती है ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नीरज मंडल , पंजाब नेशनल बैंक से नोडल ऑफिसर, पंजाब नेशनल बैंक से पानीपत जिला अग्रणी प्रबंधक तुला राम ,संस्थान से कार्यालय सहायक अनिल कुमार व राजकुमार मौजूद रहे।

**गुणवत्ता युक्त**

**8 सभी प्रशिक्षण संस्थानों की ग्रेडिंग की जाती है ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके**

# 'रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम': हरियाली तीज पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची धूम

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**

किड्जी और किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल ,सैक्टर 3 कुरुक्षेत्र में हरियाली तीज के अवसर 'रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया गया , जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया । 'हरियाली तीज'का यह त्योहार प्रति वर्ष सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को मनाया जाता है? । यह त्योहार संपूर्ण उत्तरी भारत में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है ।इस कार्यक्रम में तीज विषय पर विद्यार्थियों ने अनेक कविता, भाषण और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



।गिद्दा , भंगड़ा , हरियाणवी लोक नृत्य और अनेक सामूहिक नृत्यों ने सबको आनंद विभोर कर दिया ।विद्यार्थियों की वेशभूषा हो या फिर खाना - चारों तरफ हरियाली और खुशहाली नजर आ रही थी । किड्जी के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगी वेशभूषा में नृत्य की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रहीं । स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए , उन्हें इस पारंपरिक त्योहार को मनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि तीज को मनाने का एक कारण माता पार्वती और भगवान शिव हैं ।

मान्यता है कि माता पार्वती ने ही सबसे पहले हरतालिका तीज का व्रत करते भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया।

इसके साथ साथ अपनी महान भारतीय संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा भी दी।

इस कार्यक्रम का मंच सचालन शुभम सर, दीपक सर के द्वारा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रानी पंचाल मैम और ममता मैम के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ संपूर्ण स्टाफ भी शामिल हुआ।

**कार्यक्रम**

**8 माता पार्वती ने ही सबसे पहले हरतालिका तीज का व्रत करते भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया**

# नेविगेटिंग विषय पर किया जागरूकता शिविर का आयोजन

**सोनीपत:** जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूथ रैडक्रॉस काउंसिल (वाईआरसी) व रेड रिबन क्लब तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कालेज में माइंड एंड वैलनेस:नेविगेटिंग विषय पर एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य पहली जरूरत बन रही है, जिसके लिए जागरूकता आवश्यक है। वाईआरसी की संयोजक डा. पूजा गुलाटी व रेड रिबन क्लब की संयोजक डा. स्मिति अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान संबंधित विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**आह्वान**

**8 नशा छुपे से मनुष्य के जीवन में प्रवेश करता है और जीवन को नरक बना देता है- डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा



द्वारा राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में एक दिवसीय 42 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा शर्मा, शिक्षक राम मेहर और प्रयास सदस्य विनोद कुमार शर्मा के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस जनता की सेवा सुरक्षा एवं सहयोग के लिए है। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन, मोबाइल के समुचित प्रयोग के साथ साथ साइबर अपराधों से कैसे बचना है बारे सचेत किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में नशा सबसे भयंकर है जो चुपके से प्रवेश करता है और जीवन को नरक के समान बना देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए सचेत करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है और यदि अच्छा होता तो सबसे पहले हमे माँ खाने को देती। उन्होंने हुक्के के प्रचलन पर प्रहार करते हुए कहा कि हुक्का हरियाणा की पहचान और शान नहीं है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट के अंतर्गत दो प्रकार के नशे हैं। अफीम, भांग, गांजा, कोकीन, ब्राउन शुगर, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां और नशीले टीके आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं। उन्होंने दो कविताओं के माध्यम से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए सचेत किया और कहा कि ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहभागिता करें।

# 'गांव में तेज गति से चलेगा विकास का पहिया'

### ग्रामीण राशन डिपुओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी के क्रांतिकारी फैसले उनकी जनसेवा के प्रति भावना को स्वत: दशार्ता है : दुष्यंत

**संपर्क अभियान**

**सरकार के करीब 50 विभागों की 542 से ज्यादा सेवाओं का लोगों को सीधा एवं ऑनलाईन लाभ मिल रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जींद जिला के गांव खटकड़ तथा बड़ौदा में जन सम्पर्क अभियान के दौरान कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं का त्वरित फायदा पहुँचाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल प्रक्रिया स्थापित की गई है। इसके तहत सरकार के करीब 50 विभागों की 542 से ज्यादा सेवाओं का लोगों को सीधा एवं ऑनलाईन लाभ मिल रहा है। इस प्रक्रिया के शुरू होने से आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, जाति व जन्म प्रमाण पत्र, रिहायसी प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन जैसी सेवाओं के लिए प्रत्येक व्यक्ति घर बैठे ऑनलाईन आवेदन कर सकता है, इससे उनके सरकारी दफ्तरों में आने-जाने के समय व पैसे की भी बचत हुई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जींद जिला का उचाना विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के विकासशील क्षेत्रों में शुमार हो चुका है और भविष्य में यह क्षेत्र विकास का मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि उनके करीब साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल के दौरान उचाना के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड विकास कार्य करवाए गए हैं । उन्होंने कहा कि 800 करोड़ रुपए की सौ से ज्यादा विकास परियोजनाओं की हलका वासियों को सौगात दी जा चुकी है। इसके अलावा भविष्य में भी विकास का यह पहिया और तेजी से दौड़ेगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का सुधारीकरण, नवीनीकरण और विस्तारीकरण कर गांव दर गांव बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है साथ ही ग्रामीणों को यातायात में सुगमता मिली है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में ई- डिजिटल लाईब्रैरी, सामुदायिक केन्द्र, शहरों की तर्ज पर पार्क व तालाबों का सौंदर्यीकरण जैसे आधारभूत कार्य करवाए जा रहे हैं ।
दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि ग्रामीण युवा तथा महिलाओं का उत्थान उनकी कार्यशैली का सर्वोच्च एवं मूल उद्देश्य है और इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानाओं में युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार के अवसर, पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को पचास प्रतिशत तथा ग्रामीण राशन डिपुओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी के क्रांतिकारी फैसले उनकी जनसेवा के प्रति भावना को स्वतः दशार्ता है।

## पानीपत में आज भव्य रूप से मनाया जाएगा तीज उत्सव


**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**तीज महो**त्सव एक ऐसा अवसर है जो महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है। इस बार इस महोत्सव को प्रदेश सरकार राज्य स्तर पर भव्य तरीके से मनाने जा रही है। हरियाणा सरकार शनिवार को पानीपत के गुरु तेग बहादुर/हुड्डा मैदान में तीज के अवसर पर भव्य महोत्सव का आयोजन कर रही है, जो विशेष रूप से राज्य की महिलाओं को समर्पित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्यातिथि होंगे और वे उन 101 महिलाओं को भी सम्मनित करेंगे जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण छाप छोड़ी है। कार्यक्रम के वैभव में चार चाँद लगाने के लिए आयोजन स्थल पर एक भव्य पण्डाल लगाया जा रहा है, जिसके अगल-बगल 101 झूले भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई है। तीज कार्यक्रम में हरियाणा के प्रत्येक जिले से महिलाओं को बुलाया गया है।

## विज ने डीजीपी से पिछले एक साल से अधिक समय से लंबित मामलों की रिपोर्ट तलब की



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को पिछले एक साल से अधिक समय से लंबित मामलों की रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में गृह मंत्री ने आज ऐसे मामलों के लंबित होने के कारण बताओ की जानकारी पुलिस महानिदेशक को एक पत्र लिखकर मांगी है
विज ने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों में लगभग 3229 मामले ऐसे हैं जो एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। यह बेहद गंभीर मामला है और न्याय दिलाने के लिए इसका कारण स्पष्ट करना जरूरी है। गृह मंत्री ने पुलिस महानिदेशक को पत्र के माध्यम से कहा है कि उन पुलिस अधिकारियों/आईओ से स्पष्टीकरण मांगा जाए, जिनके पास एक वर्ष से अधिक समय से मामले लंबित हैं और ऐसे सभी मामलों की एक विस्तृत रिपोर्ट संबंधित द्वारा बताए गए कारणों के साथ 15 दिनों के भीतर उन्हें सौंपी जाए। गृह मंत्री ने पुलिस महानिदेशक को कहा कि पुलिस विभाग की गत 8 मई, 2023 को समीक्षा बैठक हुई थी। बैठक के दौरान विभिन्न जिलों में अब तक लंबित पड़े मामलों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी।

## सीएम आज करेंगे भावांतर भरपाई योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद



**जनता से संवाद**

**योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की चूक व कमी पाए जाने पर मुख्यमंत्री त्वरित एक्शन भी लेते हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 19 अगस्त को सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत सायं 5 बजे ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भावांतर भरपाई योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री लाभार्थियों से उनके अनुभवों और योजना का लाभ लेने में आई किसी प्रकार की कठिनाई के बारे में भी फीडबैक लेंगे।
गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हर शनिवार को प्रदेश के किसी न किसी एक वर्ग से सीधा संवाद करते हैं। इस अनोखी पहल में मुख्यमंत्री केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर जमीनी स्तर पर योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेते हैं।
उल्लेखनीय है कि प्रदेश के किसानों को प्राकृतिक आपदा के कारण होने वाले फसलों के नुकसान से जोखिम मुक्त करने के लिए सरकार ने भावांतर भरपाई योजना चलाई है। इसके तहत किसानों को मंडी में उनके उत्पादन के कम दाम मिलने पर सरकार द्वारा भरपाई की जाती है। सीधे संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री इस योजना के लगभग 10 से 15 हजार लाभार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। खास बात यह है कि सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में सम्बन्धित जिलों के उपायुक्त तथा विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी जुड़ते हैं। संवाद के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की चूक व कमी पाए जाने पर मुख्यमंत्री त्वरित एक्शन भी लेते हैं।

## मनोहर सरकार ने विकासात्मक कार्यों के साथ समाज निर्माण के लिए किए अनेक कार्य

**चरितार्थ**

**प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए राज्य सरकार ने आमूलचूल परिवर्तन किए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
किसी भी प्रदेश व देश के लिए उन्नति का मतलब केवल विकास कार्यों या भौतिक विकास तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि समाज हित व एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए काम करना भी सरकार की जिम्मेवारी होती है। इस उक्ति को सही मायने में चरितार्थ करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दिखाया है कि राजनीति में रहते हुए समाज की भलाई के लिए व्यापक तरीके से कार्य किया जा सकता है। मनोहर सरकार के पिछले लगभग 9 सालों के कार्यकाल को व्यवस्था परिवर्तन का काल कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री ने आमजन के जीवन को सुगम बनाने की जो पहल की थी, उससे आज आम जनमानस के अधिकारों का हनन होने की बजाये उन्हें घर बैठे सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। मनोहर लाल ने आईटी का प्रयोग करते हुए बड़ा व्यवस्था परिवर्तन कर राजकाज की व्यवस्था को ऑनलाइन किया।
सरकार ने ग्राम स्तर तक अंत्योदय सरल केंद्र, अटल सेवा केंद्र खोले, जिससे नागरिकों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली। आज इन केंद्रों के माध्यम से प्रदेशवासियों को 50 से अधिक विभागों की 680 से अधिक योजनाएं व सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इतना ही नहीं, सामाजिक परिवेश में परिवार एक इकाई होता है, इसलिए परिवार की पहचान हेतु मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान पत्र नामक एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की। इसके तहत प्रदेश के सभी परिवारों का डाटा एकत्रित किया गया और प्रत्येक सदस्य की आय, रोजगार इत्यादि सभी जानकारियां एक प्लेटफॉर्म पर दर्ज हैं, जिसके आधार पर सरकार ने आय सीमा के अनुसार प्रदेश के अति गरीब परिवारों को सदस्य अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार इत्यादि सुविधाएं मुहैया करवा रही हैं।
**शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वाभिमान के संकल्प को किया पूरा:** हरियाणा एक-हरियाणवी एक को आधार मानते हुए मुख्यमंत्री ने 5 एस यानी- शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वाभिमान को जो नारा दिया, उसे पूरा करके दिखाया। प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए राज्य सरकार ने आमूलचूल परिवर्तन किए हैं।



## न्यूज फ्लैश

### शिष्य की उपलब्धि पर गुरुजी को नाज



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया सीआईएससीई बोर्ड** की आईएससी 12वीं नॉन मेडिकल संकाय के परीक्षा परिणाम में जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगला रोड़ान गांव के छात्र पार्थ लाठर को अमेरिका की कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में बीएस कंप्यूटर साइंस में प्रवेश मिला है। एयरपोर्ट रोड करनाल स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के निदेशक मनसिमर सिंह ने अपने छात्र की उपलब्धि पर नाज जताया। मनसिमर सिंह ने पार्थ लाठर को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस होनहार बच्चे पर पूरे जिले को नाज है। वैश्विक स्तर पर आए आवेदनों के बाद सबसे मेधावी विद्यार्थियों का चयन निर्धारित सीटों के लिए किया जाता है। विश्व की इस टॉप यूनिवर्सिटी में पार्थ का चयन होना गर्व की बात है। कोर्स पूरा करने के साथ ही पार्थ का चयन बड़ी कंपनियों में उच्च पद पर होगा और ऊंचा सैलरी पैकेज मिलेगा। मनसिमर सिंह ने छात्र को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अगले वर्ष वे अमेरिका में पार्थ लाठर से मिलने अवश्य जाएंगे। छात्र पार्थ लाठर अपने विद्यालय के शिक्षकों से आशीर्वाद लेने के बाद अमेरिका पहुंचे। एयरपोर्ट रोड आरके पुरम करनाल स्थित पार्थ के आवास पर खुशी का माहौल है। शहरवासियों ने अभिभावकों को बधाईयां दी।


**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**पानीपत (कमाल हुसैन)**

**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**अंबाला (मनीष)**

**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**

**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**

**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**

**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**सोनीपत (संजीव कौशिक)**

**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**

**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**पंचकूला (मैनपाल)**

**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**

**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**

**(मो. नं. : 94162 71181)**


# घरौंडा में स्थापित हो रहे विकास के नए आयाम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया घरौंडा के** विधायक हरविंद्र कल्याण ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव डबरकी पार व जम्मूखला का अधिकारियों के साथ दौरा किया। विधायक ने दौरे के दौरान प्राइमरी स्कूल की जर्जर भवन को दोबारा बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी तथा कार्यकारी अभियंता पंचायती राज परविंद्र सैनी के साथ मौके का मुआयना किया तथा नया भवन बनने तक बच्चों की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक भवन की व्यवस्था पर ग्रामीणों व अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान विधायक कल्याण ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए गांव जम्मूखला के समीप जमीन पर सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए उचित स्थान का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। गत दिनों विधायक हरविंद्र कल्याण के सामने ग्रामीणों ने मांग रखते हुए बताया था कि उनके गांव में सार्वजनिक आयोजनों के लिए कोई चौपाल या सामुदायिक नहीं होने के कारण उन्हें बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है तथा गांव के प्राइमरी स्कूल का भवन खस्ता हालत में है। इस पर विधायक ने अधिकारियों सहित दोनों स्थानों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को सामुदायिक केंद्र तथा स्कूल के नए भवन के लिए आश्वस्त किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में घरौंडा हलके सहित पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं तथा अनेक ऐसी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है जिनसे भेदभाव खत्म होने के साथ-साथ पात्रों को उनका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है और लोगों को किसी बिचौलिए की खुशामद नहीं करनी पड़ती। मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र राणा, सरपंच सतपाल, सतीश भाटिया, पूर्व सरपंच जसवंत, सत्यवान, ओमपाल, संदीप चौहान, दलेल सिंह, रामचंद्र, संजय, सिंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## निगदू में हरियाली तीज पर हुआ मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**निगदू/टीम एक्शन इंडिया उत्सवप्रिय इस** भारत भूमि पर हर दिन कोई ना कोई त्यौहार होता ही है। भारत में अनेक सांस्कृतिक उत्सव मनाए जाते हैं। उन्हीं सांस्कृतिक उत्सवों में से श्रावण मास में मनाए जाने वाले त्योहारों में से मुख्य त्यौहार तीज को पूरे भारत में खासतौर से उत्तर भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए भगवान शिव और पार्वती की पूजा और व्रत करती हैं। श्रृंगार की दृष्टि से मेहंदी का इस पर्व पर बहुत ही ज्यादा महत्व है। इसी उपलक्ष्य में आज विद्यालय गीता विद्या मंदिर निगदू में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी कक्षा से तीसरी कक्षा तक के नन्हे-नन्हे बच्चे रंग बिरंगे कपड़े पहनकर आए तीज पर गाए जाने वाले लोकगीतों पर नृत्य किया गया और उन्हें झूला झुलाया गया। कक्षा चौथी से 12वीं तक के छात्र भैया बहनों ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार और प्रबंधक हरभजन, संयोजिका स्नेह और विद्यालय का समस्त परिवार सम्मिलित था। इस प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में तनिषा प्रथम स्थान पर रही। तृषा सुपुत्री द्वितीय स्थान पर और मन्नत तृतीय स्थान पर रही। बाल वर्ग में मुस्कान प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर कीर्ति तथा तृतीय स्थान पर मोनिशा। किशोर वर्ग में प्रथम स्थान पर तानिया द्वितीय स्थान पर सतविंदर तथा तृतीय स्थान पर शगुन, परी और पलक और तरुण वर्ग में साक्षी प्रथम स्थान पर रही।

विद्यालय के प्रबंधक हरभजन द्वारा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ अन्य बच्चों को अपने गौरवशाली देश के सांस्कृतिक पर्वों में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए उत्साहित किया गया।

## एक किलो 228 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा नशा तस्करी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलोग्राम 228 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी ब्रह्मदेव यादव पुत्र अनूप यादव वासी विकास नगर करनाल को विकास नगर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो ग्राम 228 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है और बिहार का मूल निवासी है, जो कि पिछले 15-16 साल से करनाल में रह रहा है।

## हर उम्र के व्यक्ति के लिए योग बहुत आवश्यक : राधिका भाटिया




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा भारत के हर व्यक्ति को स्वस्थ करने के लिए चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों योग कक्षाएं चल रही है जिनमे मिशन के अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा योग करवाया जा रहा है। एलआईसी कक्षा में मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने प्रातः काल पहुंचकर साधकों को योग करवाया। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म क्रियाएं, आसन, हास्य आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया।

कक्षा की योग शिक्षिका राधिका भाटिया और कोमल कंबोज ने मौजूद साधकों को आसनों की विधि से अवगत करवाते हुए तरह-तरह के आसान करवाए। उन्होंने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति के लिए योग बहुत आवश्यक है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं एवं पुरुष सभी को योग अवश्य करना चाहिए और बच्चों के लिए तो यह और भी जरूरी है, क्योंकि इससे बच्चों की नींव मजबूत होती है। हंसते मुस्कुराते हुए सभी ने योग किया। शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के व्यायाम करवाए गए।

उन्होंने योग साधकों को पानी पीने के और भोजन करने संबंधित नियमों से अवगत करवाया और कहा कि इस गर्मी के मौसम में तरल पदार्थ ज्यादा मात्रा में लें और हल्का भोजन करें। भोजन के बीच में पानी न पिएं और इस मौसम में तली भुनी और बाजार की वस्तुओं का सेवन न करें। कक्षा में सभी शिक्षक शिक्षिका, साधक-साधिकाएं राधिका भाटिया, कोमल कम्बोज, सुनीता, सत्या, सुनीता चावला, संजम, राजेश, मीनाक्षी, नीलम, अवनीत, संतोष कामरा, राजेश, मनजीत कौर, वर्षा छाबड़ा, बलराज, सतबीर सिंह, जसवंत सिंह, रामकुमार, सुशील कम्बोज, अमर सिंह और जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

## प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम को लेकर हुई बैठक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिविल सर्जन कार्यालय में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण तकनीक अधिनियम के तहत जिला एडवाइजरी कमेटी तथा जिला समुचित प्राधिकारी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन करनाल डॉ. विनोद कुमार ने की। सिविल सर्जन द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में पीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत मौजूद विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लिया गया। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों से जिले के घटते लिंग अनुपात को सुधारने हेतु जिला में अवैध लिंग जांच व अवैध गर्भपात करने वालों बारे सूचना देने बारे अनुरोध किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ एवं पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा.शीनू चौधरी, जिला न्यायवादी डा. पंकज सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, डा. श्रुति, डा. मुनीष परूथी, मुकेश भाटिया, मोनिका गर्ग तथा गौतम जैन मौजूद रहे।

## एमएचयू के वैज्ञानिकों ने चलाया कांग्रेस घास उखाडाने का अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उद्यान** महाविद्यालय एमएचयू करनाल के वैज्ञानिकों ने डीन एवं अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश कुमार गोयल के नेतृत्व महाविद्यालय प्रांगण में कांग्रेस घास उखाडने का अभियान चलाया। डीन प्रो. रमेश गोयल ने कहा कि कांग्रेस घास या गाजर घास किसानों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। पहले यह खाली स्थानों, नहरों, रेल पटरियों और सडकों के किनारे दिखाई पड़ती थी, परंतु अब यह फसलों में उगकर उत्पादन पर विपरीत असर डाल रही है।

## सिविल सर्जन ने 6 एएनएम को दिए नए टैब



**करनाल/टीम एक्शन इंडिय सिविल सर्जन** डॉ. विनोद कुमार द्वारा 6 एएनएम को जो कि अलग अलग ब्लॉक एरिया में कार्यरत है, को अच्छा कार्य करने पर पुराने टैब के बदले लैनेवो कम्पनी के नए टैब दिए गए। इन सभी ए.एन.एम का कार्य अनमोल एप्लीकेशन पर अच्छा पाया गया। आगे भी इसी प्रकार अन्य एएनएम को प्रदर्शन के आधार पर नए टैबलैट रिपलेस किए जाएंगे, ताकि उनका ऑनलाईन कार्य और भी अच्छा हो सके और उन्हें भविष्य में किसी तकनीकी दिक्कत का सामना न करना पड़े। सिविल सर्जन ने बताया कि अनमोल एप्लीकेशन में गर्भवती महिलाओं का पूर्ण रिकोर्ड रखा जाता है। जब वह बच्चे को जन्म दे देती है तो उसके बच्चे का भी पूर्ण रिकार्ड इस एप्लीकेशन के माध्यम से आर्नलाइन रखा जाता है, जिसमें बच्चे के जन्म से लेकर पांच वर्ष का प्रतिरक्षण सम्बधी एन्ट्री की जाती है। उन्होंने बताया कि इस

**तकनीक**

**8 आगे भी इसी प्रकार अन्य एएनएम को प्रदर्शन के आधार पर नए टैबलैट रिपलेस किए जाएंगे**

एप्लीकेशन के आने से ए.एन.एम कार्य सरल हो गया है। अब वह अपने उप-स्वास्थ्य केन्द्र पर ही बैठे बैठे ही रियल टाईम एन्ट्री कर सकती है। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नही जाना पड़ता। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ जब यह डाटा भारत सरकार के किलकारी आई.वी.आर सिस्टम के सर्वर पर पंहुचा दिया जाता है, तब टेलीफोन के माध्यम से गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान देखभाल के निर्देश दिए जाते हैं और बच्चे के जन्म उपरान्त बच्चे के टीकाकरण से सम्बन्धित निर्देश दिए जाते हैं।

## डॉक्टर नीना अंगदान की महिमा से करा रही अवगत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया आज के** कलियुगी, घोर स्वार्थी और मतलबी युग में कोई आपकी खुशी के बारे में सोचे, सोचे ही नहीं बल्कि आपकी खुशियों को आपके जीवन में लाने का प्रयास करे तो समझ लीजिएगा कि आप उस ईश्वर के नेक बंदे से मिल रहे हैं, उनका नाम है डॉक्टर नीना।

अभी हाल ही में कैथल के कलायत स्थित महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन, एमडीएन पब्लिक स्कूल, एमडीएन स्कूल ऑफ नर्सिंग में मोहन फाउंडेशन की राजदूत के रूप में करनाल की डॉक्टर नीना ने स्टूडेंटस को मृत्यु उपरांत अंगदान की महिमा से ना केवल अवगत कराया, बल्कि स्टूडेंटस के मन में उठ रहे सवालों का जवाब भी दिया। उन्होंने मृत्यु उपरांत अंग दान का महत्व तो बताया ही साथ ही हमेशा की तरह सभी से कहा कि हम सभी के लिए जीवन में योग, ध्यान, साधना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है सभी का सहयोग। इसलिए सबसे पहले सहयोग करें, उसके बाद योग करें तो जीवन में सारी परेशानियां दूर हो जाएंगी।

हमेशा की तरह उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि आप अपने अंगों का दान करते तो मृत्यु उपरांत नौ लोगों को जीवन दे सकते हो, जैसे दो आंखें, दो फेफड़े, दो किडनी, एक-एक लीवर, एक पेनक्रियाज, आपकी आंखें भी दो लोगों के घरों में उजियारा कर सकती हैं। आप इतनी सुंदर दुनिया देख रहे हैं यदि आपकी वजह से कोई दूसरा भी इस दुनिया को देखे तो यही सबसे अच्छी बात है। दूसरों के जीवन में सदा खुशियों का संचार करने की पावन सोच रखने वाली डा. नीना ने हमेशा की तरह फर्स्ट एड ट्रेनिंग की बारीकियों से स्टूडेंटस को अवगत कराया। उन्होंने सीपीआर यानी कार्डियो पंपिंग रिक्टेशन यानी दिल की धडकन को दोबारा लाने की विधि भी बताई। यही नहीं उन्होंने स्टूडेंटस के सवालों के जवाब में हमेशा की तरह बंदर, कुत्ता, मधुमक्खी, भिरड़, तितैया काटने के बाद तुरंत उपचार की विधि भी बताई। उन्होंने अपने यू टयूब चैनल डॉक्टर नीना सिंह पर अधिक जानकारी बटोरने के लिए इसे देखने व विधियों को एडॉप्ट करने की सलाह दी।

## मोटरसाइकिल चोर काबू, एक मोटरसाइकिल बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिला पुलिस** की एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अनिल कुमार उर्फ बिल्ला पुत्र अशोक कुमार वासी नजदीक माता रानी चौक गांव जंडली जिला अंबाला को सेक्टर-16 करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता मनोज कुमार वासी गलुकोज कॉलोनी तरावड़ी की मोटरसाइकिल 31 जुलाई को घर के बाहर से चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना तरावड़ी में मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी चोरी करने का आदी है। नशा पूर्ति के लिए और जल्दी अमीर बनने के लिए चोरी करता है। आरोपी के खिलाफ पहले ही चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी चोरी के मुकदमे में अंबाला जेल में भी रह चुका है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## हिंदी विषय का पाठ्यक्रम बदलने के लिए शिक्षकों ने सौंपा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** कुरुक्षेत्र से संबद्ध कॉलेजों के हिंदी विभाग के प्रोफेसरों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा तथा कुलसचिव डा. संजीव शर्मा तथा डीन शैक्षणिक मामले डा. अनिल वशिष्ठ को स्नात्तर स्तर पर हिंदी विषय का पाठ्यक्रम बदलने के लिए ज्ञापन दिया।

गुरुनानक खालसा कॉलेज के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. बीर सिंह ने बताया कि 2023-24 से शुरू हिंदी विषय का सिलेबस का लगभग सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों ने रद्द करने की मांग की है। शिक्षकों के अनुसार यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उच्च मानकों और आकांक्षाओं के विपरीत है।

इसमें राष्ट्रीय महत्व, उपयोगिता, महानता, जीवन मूल्य, एकता, अखंडता, क्षमता, लोकप्रियता, मनोविज्ञान और प्रासंगिकता का सर्वदा अभाव है। शिक्षकों का मानना है कि यह सिलेबस विद्यार्थियों के भविष्य और राष्ट्रीय भाषा हिंदी पर आघात है।

इसमें नीरसता के साथ-साथ समृद्ध साहित्य का सर्वदा अभाव, इसलिए शिक्षकों को यह मान्य नहीं है। शिक्षकों ने कुलपति से आग्रह किया कि तुरंत प्रभाव से सिलेबस बदला जाए, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लाभ उठाया जा सके। इस अवसर पर डा. नवीन बतरा, डा. बलबीर सिंह, डा. जय कुमार, डा. सुषमा ठाकुर, डा. रविन्द्र, डा. ईश्वर सिंह, डा. सुनील, डा. मनजीत कौर, डा.कृष्ण कुमार सहित हिंदी कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

ACTION INDIA
करनाल, 19 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## संपादकीय

# अमेरिका की साख पर सवालिया निशान ?

**वैश्विक** स्तरपर हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि दुनियां में दो शक्तियां अति महापावरफुल मानी जाती है एक अमेरिका और दूसरा रूस परंतु समय के चक्र के चलते रूस विखंडित हुआ फि र अब रूस यूक्रेन युद्ध होने से दुनियां में अमेरिका का अकेला बादशाह होने का संदेश साफ दिखाई दे रहा है जिसका सानी अभी कोई नहीं है, जो हमें बाहर से देख रहा है। परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, हर-घर में बाहर तो शोहरत दिखती है परंतु अंदर की कहानी हर घर वालों को ही पता रहती है। सच ही है, हम कई स्थानों पर यह देख चुके हैं। मगर आज हम उसका संज्ञान वैश्विक स्तरपर लें तो हम हाल ही में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बने हैं और अभी तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं हमने पिछले दिनों देखें कि किस तरह ऋण मामले में अमेरिका में क्राइसिस बड़ रहे थे जिन्हें सुझाव दिया गया है। परंतु अभी पिछले हफ्ते में वहां एक साथ दो घटनाएं देखी गई जिसकी उम्मीद शायद वर्षों से किसी को नहीं थी एक तो पूर्व राष्ट्रपति को अमेरिका न्याय विभाग द्वारा 2020 की हार को पलटने की साजिश में मुकदमा दर्ज.करवाना है। सोमवार 14अगस्त 2023 देर शाम को जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने उन पर चौथा आपराधिक आरोप लगाते दर्ज.किया। जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने ट्रंप पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अभियोग जारी किया है।फुल्टन काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस के लगाए गए इन आरोपों के बाद 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप के सामने कानूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं।और दूसरी वहां की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी ने क्रेडिट रेटिंग घटाई है जो रेखांकित करने वाली बात है। यानें दुनियां में अमेरिका की साख पर सवालिया निशान लगा है कि इतनां विकसित देश और यह क्या? क्योंकि उपरोक्त दोनों घटनाओं ने विश्व का ध्यान खींचा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका पर भीतर और बाहर से दो बातों पर सवाल? क्रेडिट रेटिंग घटा और पूर्व राष्ट्रपति पर धोखाधड़ी के आरोप दर्ज.। साथियों बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिकाकी इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, जिसके शेयर मार्केट की चाल देखकर तमाम देशों के शेयर बाजारों की चाल तय होती है, जिस अमेरिका की ताकत उसकी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, अब उसपर से दुनियां की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है यानें अब अमेरिका के पाले में फिच की तरफ से दी जाने वाली टॉप रेटिंग नहीं है। 12 साल यानी 2011 के बाद अमेरिका की रेटिंग को पहली बार किसी रेटिंग एजेंसी ने घटाया है। फिच ने ये कदम अमेरिका के कमजोर होते फाइनेंशियल हालात और बढ़ते कर्ज को देखकर उठाया है। साथियों बात अगर हम क्रेडिट रेटिंग घटने के वजह की करें तो, दुनिया की तीन बड़ी स्वतंत्र एजेंसियों में शामिल फिच का कहना है कि अमेरिका में बीते 20 साल में गवर्नेंस के हालात काफी खराब हुए हैं। फिच की तरफ से दी जाने वाली रेटिंग की दुनिया भर में मान्यता है।

# आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े किए



ललित गर्ग

"भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हजार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है।"



**पहले** उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं, क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा। इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया? क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किए जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेंट चेंज से हिमालयी के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया?

हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बबादी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया।

हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर क्रंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बद्रीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है। यदि शिमला शहर की पहाड़ियों पर ही मकान ढहने लगते हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि ऐसे स्थानों में भवन निर्माण के नियम क्या हैं?

शिमला की घटनाओं ने अधिक चिन्ता में डाला है। राजधानी एवं अधिक सक्रिय, जनबहुल एवं पयर्टन नगर होने की बजह से शिमला में जो दृश्य देखें गये, वे अधिक डरावने, चिन्ताजनक एवं दहशतभरे थे। शिमला के कृष्णा नगर इलाके में 15 अगस्त को लैंडस्लाइड के चलते यहां कई मकान ढह गए। अपने आस-पास दशकों से रह रहे लोगों के घर ढहते देख पड़ोसी अपनी चीखें नहीं रोक पाए, भूस्खलन के बाद समूचे देश ने मचा हाहाकार देखा है। लेकिन जब जमीन धंसकती है और आपकी आंखों के सामने सब-कुछ नष्ट हो जाता है, वो बेबसी सरकारी योजनाओं, विकास प्रक्रियाओं एवं असंवेदनहीन होती सोच पर सवाल खड़ा करती है। शिमला के ही समर हिल इलाके में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ। चपेट में इलाके का शिव मंदिर भी आ गया, जहां सावन का सोमवार होने के चलते भीड़ कुछ अधिक थी। जमीन इतनी तेजी से धंसी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। मंदिर के मलबे से अभी तक कुल लगभग 25 शवों को निकाला गया है। 14 अगस्त को ही शिमला में एक और जगह फागली पर भूस्खलन हुआ। यहां पांच लोगों की मौत हो गई। सोलन जिले में भी 7 लोगों के मर जाने की खबर है।

भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हजार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुकसान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है। जिम्मेदारी सरकार और वहां के लोगों की है कि वे नाजुक पहाड़ी जीवन की मयार्दा, संयम, सादगी और पवित्रता को बनाए रखें। हर कोई जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करना चाहता है लेकिन अंधाधुंध निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण बनाने की जरूरत है। पहाड़ों के प्राकृतिक स्वरूप से अधिक छेड़छाड़ किए बिना संतुलित विकास हो।

पर्यावरण विशेषज्ञों एवं जानकारों के अनुसार हिमाचल प्रदेश की सड़कों को चौड़ा करने के लिए पहाड़ों को ऊपर से काटा जा रहा है। इसी वजह से भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी इलाकों में इंसानी एवं पर्यटन गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही है। इस वजह से पहाड़ों का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। बारिश के मौसम में या फिर बारिश के बाद पहाड़ों की नींव कमजोर हो जाती है। इसी वजह से पहाड़ टूटकर गिरने लगते हैं।

भूस्खलन की एक बड़ी वजह वनों को काटना भी हैं। दरअसल पेड़ों की जड़ें मिट्टी पर मजबूती के साथ पकड़ बनाती है। इसके साथ ही पहाड़ों के पत्थरों को भी बांधकर रखती हैं। पेड़ों को काटने से यह पकड़ ढ़ीली होती है। इसी वजह से जब बारिश होती है, तो पहाड़ के बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगते हैं। शिमला में हो रहे हादसों का भी यही कारण है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी पहाड़ों में त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वहां के वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ पहाड़ी जीवन के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। भारत को अपने पहाड़ों की विकास नीति तैयार करनी होगी। इस काम में भूगर्भ शास्त्रियों की ही प्रमुख भूमिका हो सकती है। हिमाचल के मुख्यमन्त्री श्री सुक्खू जब यह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि पहाड़ों पर पूरी तरह गैर वैज्ञानिक तरीके से अंधाधुंध निर्माण करा कर और सड़कों को चौड़ी करने के मोह में पहाड़ों को अंधाधुंध काट कर हमने इस मुसीबत को खुद दावत दी है तो पूरे देश को विचार करना चाहिए कि प्रकृति का बिना जाने-बूझे शोषण करने का क्या नतीजा हो सकता है?

## कविता

### हे युवाओ आगे आओ

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

रोजगार भी तुम्हें मिलेगा
और मिलेगी जॉब
हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश
आश्रित तुम किसी पर
करो स्वयं कोई काम शुरू
और अमल इसी पर

हे युवाओ
आगे आओ
मत बैठो निराश

मत बैठो निराश दिखा दो दमखम अपना
देश गाँव परिवार का पूरा करके सपना।

नरेन्द्र सोनकर

## क्रांतिकारी उल्लासकर दत्त

**प्रमोद दीक्षित मलय**

**देश** में ऐसे असंख्य मौन साधक हुए हैं जो नाम-यश की आकांक्षा से दूर मां भारती की सेवा साधना में अविचल अविराम साधनारत हो राष्ट्र यज्ञ में जीवन का कण-कण, पल-पल अर्पित करते रहे हैं। अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध देश के स्वातंत्र्य समर के औप्रज्वलित अग्निकुंड में जीवन की श्वास समिधा समर्पित कर अंग्रेजी सत्ता की नींव उखाड़ भारत माता के प्रति सम्मान और श्रद्धा का अर्घ्य प्रदान किया। किंतु आजादी मिलने के बाद हजारों नायक गुमनामी के अंधेरे में खो गए। इतिहास के पृष्ठों में स्थान न पा सके। समय और उपेक्षा की धूल ऐसी पड़ी कि देश की नई पीढ़ी भी इन भूले बिसरे क्रांतिकारी नायकों से अपरिचित ही रह गई। ऐसा ही एक अपरिचित अद्वितीय क्रांतिकारी है उल्लासकर दत्त जिसे सेलुलर जेल (काला पानी की सजा) की घोर अमानवीय यातना ने पागल बना दिया था। यह वही गुमनाम क्रांतिकारी है जिसके बनाये बम से खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर हमला किया था। संयोग से किंग्सफोर्ड उस गाड़ी में नहीं बल्कि पीछे आ रही दूसरी गाड़ी में था। लेकिन उस हमले में दो अंग्रेज महिलाएं मृत्यु को प्राप्त हुई थीं जो अंग्रेज वकील प्रिंगल केनेडी की पत्नी और बेटी थीं। स्मरणीय है कि बम बनाने में सिद्धहस्त उल्लासकर दत्त ने सेलुलर जेल में जेलर के नियम मानने से इनकार कर दिया था। वह मानते थे कि बागी बागी ही होता है, चाहे वह जेल के बाहर हो या भीतर। नाराज जेलर ने उल्लासकर को घोर यातना दी। फलतः वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठे और पागल हो गये।

परम देशभक्त उल्लासकर दत्त का जन्म 16 अप्रैल, 1885 को बंगाल प्रांत के कलिकाछा गांव में हुआ था जो अब बांग्लादेश में है। लंदन विश्वविद्यालय से कृषि स्नातक पिता द्विजदास दत्त स्वतंत्र सोच के व्यक्ति थे। माता मुक्तकेशी की ममता एवं वात्सल्य की छांव में पले-बढ़े उल्लासकर ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त कर उच्च शिक्षा हेतु कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिया। यहां से 1903 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर एफ.ए. कक्षा में पहुंच गये। वह शीघ्र ही अपने विचारों के बल पर युवकों में प्रिय हो गए और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव जगाने लगे। वह एफ.ए. की परीक्षा में नहीं बैठ सके क्योंकि एक दिन कक्षा में अंग्रेज प्रोफेसर रसेल ने बंगालियों पर अभद्र अपमानजनक टिप्पणी करते हुए भारतीयों का मजाक उड़ाया। देशभक्ति के रंग में डूबे उल्लासकर को भला यह कैसे सहन होता, पलक झपकते ही उसने अंग्रेज के गाल पर जोरदार तमाचा जड़ दिया। परिणामस्वरूप उल्लासकर को कालेज से निकाल दिया गया, क्योंकि यह तमाचा एक व्यक्ति के गाल पर नहीं बल्कि अंग्रेजी सत्ता के क्रूर चेहरे पर पड़ा था और अंग्रेज सरकार इससे तिलमिला गई थी। कालेज से निष्कासन के बाद वह बम्बई के टेक्सटाइल इंस्टीट्यूट में प्रवेश ले कपड़ा बुनने की कला एवं तकनीकी सीखने लगे। यहीं पर रसायनों के प्रयोग करने की रुचि जगी। हृदय में देशप्रेम की आग धधकाए मां भारती का वह पुत्र अरविंद घोष की अनुशीलन समिति एवं युगांतर दल से जुड़ गया, जहां उसका परिचय देश के अन्य क्रांतिकारियों से हुआ। वह समय बंग भंग के विरोध और स्वदेशी अपनाने के आग्रह का काल था।

## विचार

# विपक्षी गठबंधन में अविश्वास का भाव

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**केंद्र की** सत्ता से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार को हटाने के लिए बड़े ही जोर-शोर के साथ 26 विपक्षी दलों ने दो बैठकों के बाद नए गठबंधन इंडिया के गठन का ऐलान किया था। अभी गठबंधन की तस्वीर पूरी तरह साफ भी नहीं हुई है कि दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, यूपी और पश्चिम बंगाल तक भरोसे की कमी दिखाई देने लगी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में दरारें और अविश्वास के भाव पनपने लगे हैं। भारत में राजनीतिक गठबंधनों की नियति यही रही है कि वे बनते हैं, क्योंकि उन्हें टूटना होता है। वे टूटते हैं, क्योंकि फिर बनना होता है। सियासी गठबंधन का कोई भी स्थायी भाव नहीं होता। शरद पवार देश के रक्षा और कृषि मंत्री रह चुके हैं। वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं। एक दौर था कि उनका नाम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद के लिए भी चर्चा में रहता था। यह दीगर है कि उनकी पार्टी इतनी छोटी है कि वह कभी इन पदों तक पहुंच ही नहीं सके और न ही संभव था। अलबत्ता वह भाजपा में आ जाएं, तो विचार किया जा सकता है, लेकिन वह देश के प्रधानमंत्री कभी भी नहीं बन सकते। ऐसे वयोवृद्ध और अनुभवी नेता पर शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के वे नेता सवाल कर रहे हैं, जो नौसीखिया जमात के हैं और विपक्षी गठबंधन के धागे बुनने में जिनका रत्ती भर भी योगदान नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने मीडिया को सार्वजनिक तौर पर ब्रीफ किया कि कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारी के निर्देश दिए हैं, जाहिर है कि पार्टी सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दिल्ली के प्रादेशिक नेताओं ने एक बैठक में तय किया। तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी, लिहाजा दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने गठबंधन के औचित्य पर सवाल उठा दिए। यह भी कहा कि इंडिया की मुंबई बैठक में शामिल होने का मतलब ही क्या है? अलबत्ता उन्होंने अंतिम फैसला मुख्यमंत्री केजरीवाल पर छोड़ दिया। अलका लांबा के बयान के बाद मचा घमासान अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के दिग्गज नेता संदीप दीक्षित ने आप को बेवकूफों की पार्टी करार दे दिया है। उन्होंने साथ ही अलका लांबा का बचाव भी किया है। उन्होंने बिना नाम लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी बड़ा हमला बोला है। संदीप दीक्षित ने एक निजी चैनल के साथ बातचीत में कहा, आम आदमी पार्टी तो बेवकूफों की फौज है... वे पूरे दिन झूठ बोलते हैं ब्लैकमेल करके जीते हैं। जो आदतन इस तरह के काम करने के लिए मजबूर हैं,उनका क्या कर सकते हैं। चुनाव के लिए आपको सभी सीटों पर तैयारी करनी पड़ती है। अगर हमने नई दिल्ली सीट के लिए तैयारी की और गठबंधन के बाद चांदनी चैक सीट मिल गई, तो हम क्या करेंगे? वे बेवकूफ लोग हैं एक नंबर के। उन्हें न किसी चीज के समझ है। जो आदमी इतना धोखा देता है, उसे लगता है दुनिया उसे धोखा दे रही है। वह खुद धोखेबाज है। टायर फटने पर ऐसा जताते हैं, जैसे गोली चल गई हो। अलका लांबा और संदीप दीक्षित के तल्ख बयानों के बाद दोनों दलों के रिषतों को आसानी से समझा जा सकता है। राजनीतिक विशलेषकों के मुताबिक दिल्ली सर्विस बिल पास होने के बाद से ही दोनों दलों के बीच खटास बढ़नी शुरू हो गई थी। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के भीतरघात हैं। वहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दिग्गज नेता शरद पवार की मुलाकात पुणे के एक उद्योगपति के आवास पर हुई। इससे पहले भी दो-तीन मुलाकातें हो चुकी थीं। शरद पवार उपमुख्यमंत्री के सगे चाचा हैं और पवार परिवार में पिता-तुल्य हैं, लिहाजा ऐसी मुलाकातें स्वाभाविक हैं। एनसीपी में बगावत और विभाजन के बाद ये मुलाकातें हुई हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी के मुखपत्र सामना में इन मुलाकातों के मद्देनजर संपादकीय तक लिख दिया गया कि शरद पवार भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर है

**विजय गर्ग**

पुस्तकालय ज्ञान का मंदिर है और इस डिजिटल युग में भी हजारों लोग ज्ञान जुटाने के लिए केवल सार्वजनिक पुस्तकालयों पर निर्भर हैं पुस्तकालय सभ्यता की प्रगति का प्रतीक हैं। हमारे अधिकांश स्कूलों और कॉलेजों में यही संस्कृति अपनाई जाती है कि छात्रों को पाठकों से कैसे दूर रखा जाए। किताबें अलमारियों में सुरक्षित रूप से बंद हैं और कई बेचारी किताबें पाठक द्वारा उसके पन्ने छूने का इंतजार कर रही हैं। यहां तक कि बहुत उच्च रैंक से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में भी छात्रों को पुस्तकालय का मुफ्त उपयोग करने की अनुमति नहीं है। अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रबंधित पुस्तकालयों में स्थिति अधिक दयनीय है। वे अपनी सुविधा का उपयोग करने के लिए जनता का मनोरंजन नहीं करेंगे या यदि वे अनुमति देते हैं तो भी उन्हें कई क्या करें और क्या न करें की आवश्यकता होगी, जैसे कि पाठक एक उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में है। एक बार प्रतिबंध लगने के बाद कोई भी युवा अपने जीवनकाल में आगे उस क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगा। पढ़ना एक ऐसा कौशल है जिसे केवल सक्रिय पढ़ने के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है और इसमें पुस्तकालयाध्यक्षों की बड़ी भूमिका होती है। एक अच्छा लाइब्रेरियन एक अच्छे विश्वकोश जितना ही अच्छा होता है। एक अच्छा लाइब्रेरियन हमारे युवाओं के व्यवहार में बदलाव ला सकता है। कुछ अच्छे लाइब्रेरियन हैं जो पाठकों के साथ बातचीत करते रहते हैं और उन्हें लाइब्रेरी में उपलब्ध नई किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। उसे ज्ञान प्रसार के एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए। पुस्तकालय एक विकासशील संस्था है और इसका विकास एक अच्छे पुस्तकालयाध्यक्ष की सहायता से ही संभव है। एक अच्छे पुस्तकालयाध्यक्ष को पुस्तकालय संस्कृति में वर्तमान समय के अनुरूप परिवर्तन लाना चाहिए। हालाँकि पुस्तकालय में मौन की संस्कृति को बनाए रखा जाना चाहिए, फिर भी पाठकों को पुस्तकालय के भीतर सक्रिय चर्चा करने के लिए स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। आईआईएम त्रिची जैसे कुछ अच्छे पुस्तकालयों में ऐसे स्थान भी हैं जहां पाठक आराम से लेट सकते हैं और पढ़ सकते हैं।

## मूँछ की बात

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अदालत** के बाहर भैया मजनू अपनी मुँछों पर ताव दे रहे थे। अपनी मर्दानगी को इन्हीं मूँछों से नापते-तोलते थे। इसी मर्दानगी के चक्कर में अपनी साली का खून कर बैठे। खून करने का कोई पछतावा नहीं था। पत्नी को छोड़ घर के सभी लोगों ने केस को रफा-दफा करने के लिए वकील पर दबाव बनाने लगे। वकील ने कहा झ मैं औरत थोड़ी न हूँ, जो मुझ पर अपनी मर्दानगी दिखाने की कोशिश कर रहे हो। केस खुद तुम्हारी पत्नी ने ठोका है। दम हो तो उसी के सामने अपनी मूँछों पर हाथ फेरकर दिखाओ। मजनू ने कहा झ ऐ काले कोर्ट। ज्यादा चपड़-चपड़ मत कर। तुझे अच्छी तरह से पता है कि जिस दिन तू ईमानदारी के पक्ष में केस लड़ने लगेगा उस दिन तेरी दुकान बंद हो जाएगी। बीवी-बच्चे भूखे मरने लगेंगे। तेरे जैसे बड़े खुशकिस्मत हैं कि दुनिया भर में बेईमानी, पाप, अत्याचार भरा पड़ा है जिससे तुम जैसों की दुकान चलती है। खुद बेईमानी की आँच पर पकी रोटियाँ खाने जैसा नामर्दी की बात करता है और चला है मुझे मेरी मर्दानगी सिखाने।

वकील कुछ कहना चाहता था कि मजनूँ फिर से बोल उठा झ मर्दानगी न हो तो पुरुष की जिंदगी बेकार है। जीने को तो मच्छर-मक्खी भी जी लेते हैं, लेकिन वह जीना भी कोई जीना होता है। पैसा फेंककर मैं पेरोल पर अंदर-बाहर होने का खेल खेलकर ऊब चुका हूँ। वह तो मेरी मर्दानगी है कि मैं इतना सब कुछ होते हुए भी टस से मस नहीं होता। मेरी पत्नी को समझा कि वह केस वापस ले ले। वरना मेरी मर्दानगी को उबाल मारने में देर नहीं लगेगी। जो हश्र साली का हुआ है वही उसके साथ भी हो सकता है। वकील के साथ पत्नी भी खड़ी थी। यह सब सुन वह भड़क उठी - मैं तेरी धमकियों से डरने वाली नहीं हूँ। मैं औरत हूँ औरत। जो कापुरुषों को जन्म दे सकती है, वह कापुरुषों को मार भी सकती है। मेरी बहन की हत्या करने को मर्दानगी समझते हो तो मैं थूकती तुम्हारी ऐसी मर्दानगी पर। शम्मा-परवानों के बखानो में आने वाली स्त्री डरावनी बनने में देर नहीं लगाती। उसे अबला समझने की भूल करना आ-बला जैसी होगी। औरत का औरतपन मर्दानगी पर भी भारी पड़ता है।

# तीज पर्व पर मुख्यमंत्री द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को किया जाएगा सम्मानित: आशिमा सांगवान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश भर में 57, 570 और फरीदाबाद जिले भर में 11000 महिला स्वयं सहायता समूह सदस्य जुड़े हैं। आगामी 19 अगस्त, 2023 को पानीपत के श्री गुरु तेग बहादुर मैदान में तीज उत्सव भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश

**तीज पर्व**

**8 प्रदेश भर से तीज पर्व पर होने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 30,000 के करीब महिलाएं शामिल होगी।**

की उन 101 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाया है। फरीदाबाद जिले में अच्छा काम करने वाले तीन महिला स्वयं सहायता समूहों को इस बार चुना गया है, जिन्हें तीज पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रदेश के हर जिले से तीन स्वयं



सहायता समूहों को सम्मानित करने के लिए चुना गया है। पहला स्थान प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूह को एक लाख रुपये, दूसरा स्थान पर रहने वाले समूह को 50,000 रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले समूह को 25,000 रुपये प्रदान कर तीज पर्व पर 19 अगस्त को पानीपत में मुख्यमंत्री की ओर से सम्मानित किया जाएगा। फरीदाबाद से 1100 महिलाएं रोडवेज बस के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंच रही है। इस अवसर पर मेला परिसर में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, डीआरडीए के स्वयं सहायता समूह और हरियाणा राज्य आजीविका मिशन के अन्तर्गत रजिस्टर्ड महिलाओं द्वारा प्रदर्शनी तथा महिला समूह द्वारा बनाये गए उत्पादों की बिक्री हेतु स्टाल भी लगवाए जाएंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा तीज पर्व के अवसर पर विभिन्न गांव की महिलाओं को अच्छा काम करने के लिए सम्मान मिलेगा। आज महिलाएं समाज हित के लिए काम करने के साथ-साथ स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई हैं, तो वहीं प्रदेश सरकार की ओर से भी महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं आज गांवों में जहां अपना स्वरोजगार स्थापित कर अपना घर चला रही हैं तो वहीं अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर उनके सपनों को पंख लगाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश भर से तीज पर्व पर होने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 30,000 के करीब महिलाएं शामिल होगी।

# ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों का निर्धारित समय पर करें निपटारा: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद शुक्रवार सायं को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा। वहीं बल्लभगढ़ एसडीएम त्रिलोक



ने सीएम विंडो और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी सांझे अधिकारियों को कर्मचारियों के साथ किए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी शिकायतों बारे नियमित रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान न करने वाले विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशानिर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए। सीटीएम अमित मान ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कमर्शियल उपयोग करने वाले 60 ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1832 वाहन चालकों के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 60 ट्रैक्टर चालकों सहित 1832 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने कैंपेसिटी से अधिक सवारी बैठाने वाले फोर व्हीलर, टू व्हीलर, ऑटो चालकों, अंडरएज ऑटो चालकों वा अन्य वाहन चालकों के रॉन्ग साइड व रॉन्ग लेन चालान काटकर उन्हें आर्थिक धन से दंडित किया है। डीसीपी ट्रैफिक के दिशा निर्देश व एसीपी ट्रैफिक के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस ने यह विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान गलत लाइन में वाहन चलाने वाले 1832 वाहन चालकों के चालान काटे जुमार्ना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैक्टरों को खेती के काम के अलावा कमर्शियल उपयोग में लिए जाने वाले ट्रैक्टर या जिन ट्रैक्टर चालकों के पास लाइसेंस या अन्य कागजात नहीं थे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। इसमें 60 ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जिसमें 47 ट्रैक्टर इंपाउंड किए गए हैं। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग खेती के कार्यों के में लिया जाता है परंतु कुछ लोग इसका कमर्शियल उपयोग करते हैं जो कि कानून के तहत प्रतिबंधित है इससे कई बारी सड़क सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो जाता है क्योंकि ट्रैक्टर ट्रॉली में कुछ लोग बहुत अधिक वजन लेकर चलते हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का खतरा रहता है। यातायात नियम यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। सड़क पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए उक्त ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है इसलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 6 दिन पहले घर से लापता 36 वर्षीय व्यक्ति को थाना पल्ला व क्राइम ब्रांच कैट ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए तलाश कर किया परिजनों के हवाले



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना पल्ला प्रभारी और क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए घर से लापता व्यक्ति को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति 11 अगस्त को घर से नाराज होकर बिना बताए निकल गया था। व्यक्ति को परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया लेकिन व्यक्ति के नही मिलने पर थाना पल्ला में सूचना दी गई। सूचना पर थाना पल्ला में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने क्राइम ब्रांच कैट की टीम के साथ संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए कांप्लेक्स एरिया फरीदाबाद से व्यक्ति को बरामद कर लिया गया है। व्यक्ति से परिजनों के सामने पूछताछ की गई। व्यक्ति ने बताया कि वह घर वालो से किसी बात को लेकर नाराज था। अब वह अपने परिजनों के साथ जाना चाहता है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।

## हिसार: कचरा बीनने वाली युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
शहर के सेक्टर 27-28 में शुक्रवार को कचरा एकत्र करने वाली 22 वर्षीय युवती से दो युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने चिल्लाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उसका मुंह दबा लिया, तभी कुछ दूरी पर कबाड़ बीन रही युवती की मां मौके पर पहुंच गई। उसने अपनी बेटी की इज्जत बचाई। दोनों आरोपी मौके से भागने लगे तो मां बेटी ने मिलकर एक युवक को काबू कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर पकड़े हुए युवक को गिरफ्तार किया। घटना शुक्रवार सुबह की है।

# हार्डवेयर ट्रेनर ने कंप्यूटर के प्रोसेसर चोरी कर नेहरू प्लेस में बेच डालें, गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**8 चोरी करने वाला ट्रेनर और प्रोसेसर सरवर खरीदने वाले 2 दुकानदार सहित 3 गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गाल के द्वारा ठरक्ळ पॉलीटेक्नीक सेंटर नीमका से कम्प्यूटर प्रोसेसर चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी तिगांव राजेश लोहान के मार्ग दर्शन में व एसएचओ सदर महेंद्र पाठक के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी आईएमटी इंचार्ज



विरेन्द्र सिंह की टीम ने चोरी करने वाले आरोपी और प्रोसेसर खरीदने वाले दुकानदार को को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में आफताब आलम, मुकेश और सुधीर का नाम शामील है। तीनों आरोपी मूल रुप से बिहार के अलग-अलग जिलों के रहने वाले है। आरोपी आफताब आलम, फरीदाबाद 91 सेक्टर के एरिया में रह रहा है।

आरोपी ने बीटेक नोएडा से की थी और वर्तमान में पॉलिटिक्स सेंटर में प्राइवेट तौर पर पिछले 2 साल से नौकरी कर रहा था। आरोपी मुकेश दिल्ली की जेजे कॉलोनी का रहने वाला तथा आरोपी सुधीर को बिहार के चम्पारण जिले से गिरफ्तार किया गया है। पॉलिटेक्नीक कॉलेज के कम्प्यूटर लेब इंचार्ज ने पुलिस चौकी आईएमटी में कम्प्यूटर प्रोसेसर चोरी की शिकायत दी जिसमें लेब इंचार्ज ने बताया कि कम्प्यूटरो को नए बैच के लिए तैयार किया गया जिनको चैक करने पर पता चला की कम्प्यूटरो में प्रोसेसर नही है। जिसपर थाना सदर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई ।पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी आफताब आलम को आईएमटी एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के 07 अगस्त को अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड लिया गया आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान 38 कम्पूटर प्रोसेसर और 89 हजार रुपए नगद बरामद किए गए। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने कम्पूटर प्रोसेसर को दिल्ली के नेहरु प्लेस के मुकेश और सुधीर की दुकान पर बेचा है।

# बागवानी से संबंधित अनुदान योजनाओं के लिए किसान पोर्टल पर करें आवेदन : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरकार द्वारा बागवानी से संबंधित सभी प्रकार की अनुदान योजनाओं के लिए केवल एक पोर्टल ( https://hortnet.gov.in) पर आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जहां बागवानी विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी मिल रही है। जिला



बागवानी अधिकारी डॉ रमेश कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत 25 से 100 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिनमें एकीकृत बागवानी मिशन, एकीकृत बागवानी विकास योजना, अनुसूचित जाति योजना, रेशम जैसी योजनाएं भी मुख्य रूप से शामिल हैं। इस बारे में अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 18001802021 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## ऑल इंडिया स्क्वेश टूनार्मेंट में हिसार की आध्या ने जीता दूसरा पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
स्क्वेश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने चंडीगढ़ स्क्वैश रेकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेल शाला चंडीगढ़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सर्किट टूनामेंट का आयोजन किया गया। इसमें हिसार के ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा आध्या ग्रोवर ने कन्या अंडर-11 की श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पूर्व हाल में महाराष्ट्र स्क्वेश रैकेट फैडरेशन और स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मुंबई में हुई प्रतियोगिता में आध्या ग्रोवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था।

# फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल ने अयुद्ध के साथ मिलकर सीडबॉल वितरित किए



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** जन-जन की सेवा में समर्पित श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) ट्रस्ट द्वारा संचालित अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद व अयुद्ध की टीम ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ समय पर सीडबॉल को डालने का कार्य संपन्न किया। अयुद्ध के राष्ट्रिय संयोजक स्वामी मोक्षामृता चैतन्य जी व स्वामी हषामृत जी के नेतृत्व में अयुद्ध की टीम के सदस्यों ने यह कार्य आगरा कैनाल की तलहटी में किया। अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद से लगभग 10 कि. मी. दूर तीन वाहनों में तीन हजार से अधिक सीडबॉल लगभग 20 सदस्यों की टीम ने यह अभियान किया। स्वामी मोक्षामृता के नेतृत्व में अम्मा की प्रार्थना कर नमी वाले स्थानों, जलघर स्त्रोतों के आसपास व छोटे-छोटे गड्ढों में सीडबॉल डाले गए। नीम, गुलमोहर अमलतास, अर्जुन आदि के बीजों से गर्मी के दिनों में अमृता अस्पताल, फरीदाबाद, श्री माता अमृतानंदमयी देवी मठ वसंत कुंज दिल्ली व अन्य स्थानों पर सीडबॉल बनाए गए थे। लगभग एक माह से अधिक चले इस अभियान में कई लाख बीज मिट्टी व खाद के पोषण मिश्रण में रखे गए। उन्हें निर्देशित ढंग से सुखाकर सरंक्षित किया गया था। बहुत उत्साह के साथ सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया व चार स्थानों पर सीडबॉल डाले। शीघ्र ही यमुना नदी के किनारे सरंक्षित जंगलों व उद्यानों में सीडबॉल डाले जाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात स्वामी हषार्मृत जी ने सभी का आभार वयक्त किया। जी20 के अंतर्गत सी20 की अध्यक्षता श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के आव्हान पूरे देश में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री सत्यपाल, सोनपाल व इंजीनियरिंग अरून कुमार जैन, राजेश कुमार, श्रीमती पूनम व युवा किशोर बच्चों की भूमिका सराहनीय रही।

# 6 विद्यार्थियों को मिली एपीजे अब्दुल कलाम स्कॉलरशिप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 6 विद्यार्थियों को एपीजे अब्दुल कलाम स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इस छात्रवृति की राशि रूप ऑटो के प्रबंध निदेशक मोहित ओसवाल द्वारा वहन की गई। तीन विद्यार्थियों को 50-50 हजार रुपए, जबकि 3 विद्यार्थियों को 11-11 हजार रुपए प्रदान किए गए। रूप ऑटो के प्रबंध निदेशक मोहित ओसवाल ने विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को यह राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कुछ नया और अनोखा करने की दिशा में काम करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इंडस्ट्री के साथ मिल कर विद्यार्थियों का भविष्य बना रहा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू द्वारा इंडस्ट्री के साथ मिल कर तैयार किया गया यह मॉडल रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। इस अनूठे मॉडल को बनाने के लिए मोहित ओसवाल ने सारा श्रेय कुलपति डॉ. राज नेहरू को दिया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने इस मौके पर कहा कि रूप ऑटो अन्वेषण को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हमेशा प्रोत्साहित करता है। उनकी यह पहल इंडस्ट्री के लिए प्रेरणा है।

स्किल इनोवेटर्स फाउंडेशन के सीईओ प्रो. जॉय कुरियाकोजे ने कहा कि इस तरह की स्कॉलरशिप शुरू करने से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है। शिक्षा शास्त्र के अधिष्ठाता प्रो. ऋषिपाल ने रूप ऑटो के प्रबंध निदेशक मोहित ओसवाल का आभार ज्ञापित किया और उनकी इस पहल की सराहना की। इस समारोह में बीटेक के तीन विद्यार्थियों को 50-50 हजार रुपए छात्रवृति दी गई। इनमें जितेश कुमार, रोहित कुमार और मनोज बैंसला के नाम शामिल हैं।

# स्लम बस्तियों के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा आज लगाया गया तीसरा कैम्प

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित गरीब परिवारों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनकी पढ़ाई लिखाई सहित हर जरूरत सरकार द्वारा पूरी की जा रही है । स्लम बस्तियों के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा आज शुक्रवार को तीसरा कैंप इंद्रा नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित किया गया। जहां एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आज जिला में चिन्हित किए गए गरीब बच्चों को सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। एडीसी आनन्द शर्मा जिला प्रशासन द्वारा इन्द्रा नगर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्प का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

एडीसी ने कहा कि इन कैंपों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला फरीदाबाद में लगभग 1637 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जा रहे हैं और कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जा रहा है। इन सभी 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का पूरा ब्यौरा




भरा जा रहा है और 0 से 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में डेली बैसिज पर चैकिंग करके रिपोर्ट बनाई जाएगी और 6 से 18 वर्ष तक आयु के बच्चों को स्कूल जाने सहित बच्चों की आवश्यकता के अनुसार स्कूलिगं की व्यवस्था की जा रही है । बता दें कि यह कैंप, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ, शिक्षा, एमसीएफ, एनआईसी सहित तमाम विभागों के द्वारा मौके पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर इन कैम्पों में आ रहे बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जा रही है। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। सीडब्ल्यूसी कमेटी की सिफारिश पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

सन्तोष नगर में गत दिवस आयोजित कैंप में सीडब्ल्यूसी कमेटी की सिफारिश पर 245 बच्चों को पंजीकृत करके उनका हेल्थ चेकअप किया गया और 92 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र,50 बच्चों के परिवार पहचान पत्र,113 बच्चों के आधार कार्ड मौके पर ही बनाए गए और 02 बच्चों की स्कूलिगं तथा 49 बच्चों की आंगनवाड़ी में दाखिल करवाया गया।

**- कैम्प में ये जरूरी सुविधाएं दी जा रही है फ्री में:-**

जिला प्रशासन की तरफ से डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिव्यांग जनों एवं निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसी परिस्थितियों में रहकर ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ऐसे बच्चों के लिए आधार कार्ड,परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निवास स्थान बनाने और स्वास्थ्य जांच के लिए कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है।

ये अधिकारी रहे मौजूदः-

सीडब्ल्यूसी के जिला चेयरपर्सन श्रीपाल कहराना, सीमजीजीए श्रुति शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा, अपर्णा सिंह, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, एमसीएफ सहित तमाम विभागों के अधिकारी और एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 19 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## दस वर्षीय बच्चे के दिमाग तक पहुंचे नाक के ट्यूमर को निकाला

**जयपुर:** दस वर्षीय के दिवांशु (परिवर्तित नाम) को नाक से दिमाग को ओर जा रहे ट्यूमर से जान का खतरा था। इस ट्यूमर को निकालने की सर्जरी भी बेहद जटिल थी। लेकिन शहर के रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने बिना किसी चीरफाड़ के दूरबीन से ही ट्यूमर को निकाल मरीज को नया जीवन दिया। हॉस्पिटल के सीनियर ईएनटी सर्जन डॉ. अमित नाहटा ने इस दुर्लभ ट्यूमर नेजल एंजियो फायब्रोमा की जटिल सर्जरी की।

**बच्चे को थे नाक से खून आने और बंद होने के लक्षण:** डॉ. अमित नाहटा ने बताया कि बच्चे को नाक से ब्लीडिंग और नाक बंद के लक्षण आ रहे थे। जांच करने पर पता लगा कि उसे दुर्लभ ट्यूमर नेजल एंजियो फायब्रोमा की समस्या थी। यह ट्यूमर बच्चों में पाया जाता है। उन्होंने बताया कि यह खून की नसों से बना ट्यूमर होता है जिसकी सर्जरी बहुत मुश्किल होती है क्योंकि इसमें रक्तस्राव बहुत ज्यादा हो सकता है। कभी-कभी मौत भी हो जाती है।

**दूरबीन से की जटिल सर्जरी:** सामान्यत: इसकी सर्जरी आंख के नीचे चीरा लगाकर नाक को पूरा खोलकर और होंठ को आधा काट कर ट्यूमर निकाला जाता है। यह बड़ी सर्जरी होती है जिसमें बच्चे को रिकवरी में भी काफी समय लगता है। डॉ. अमित नाहटा ने कहा कि हमने यह ट्यूमर दूरबीन द्वारा निकाल दिया। इसमें बच्चे के चेहरे पर चीरा भी नहीं लगाना पड़ा। यह ट्यूमर खोपड़ी में जा रहा था जिसे बिना किसी चीरफाड़ के निकाल दिया गया। साढ़े तीन घंटे चली इस सर्जरी के बाद मरीज को एक दिन के लिये आईसीयू में रखा गया और तीन दिन सामान्य वार्ड में मॉनिटरिंग में रखकर डिस्चार्ज कर दिया गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

# लोगों को मिलेट्स का मुरीद बना रही योगी सरकार

### मिड डे मील में बाजरा शामिल करने के बाद एमएसपी पर ज्वार खरीदने का भी निर्णय

**समृद्धि**

**मिड डे मील (मध्याह्न भोजन) में बच्चों को एक दिन बाजरे की खिचड़ी भी दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार लोगों को मिलेट्स का मुरीद बना रही है। यह काम दोतरफा चल रहा है। खाने के साथ किसानों के स्तर पर भी। मसलन कुछ दिन पहले सरकार ने निर्णय लिया कि अब मिड डे मील (मध्याह्न भोजन) में बच्चों को एक दिन बाजरे की खिचड़ी भी दी जाएगी। स्वाभाविक है कि उत्तर प्रदेश में मिड डे मील पाने वालों बच्चों की संख्या के मद्देनजर यह बाजरा उत्पादक किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी है। सरकार पहले से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का और बाजरा खरीद रही है। सरकार ने खरीफ के इसी सीजन से धान के साथ ही ज्वार को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। योगी सरकार के इन निर्णयों के नतीजे दूरगामी होंगे। मसलन मिड डे मील में बाजरे के शामिल होने के बाद इसकी मांग भी बढ़ जाएगी। इस बढ़ी मांग के अनुसार सरकार को इसकी और खरीद करनी पड़ेगी। इससे ओपन मार्केट में भी बाजरे के बेहतर दाम मिलेंगे। बेहतर दाम किसानों को इसके उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे। कुल मिलाकर यह आमजन की सेहत और किसानों की समृद्धि के लिए मुफीद होगा।
भविष्य में यही स्थिति ज्वार की भी हो सकती है। यही नहीं क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) के मद्देनजर जिस तरह गेहूं और धान जैसी परंपरागत और एकल खेती को खतरा बताया जा रहा है, उसमें भी प्रतिकूल परिस्थितियों में, कम पानी, खाद, कीटों और रोगों के प्रति प्रतिरोधी ये अनाज कृषि विविधिकरण के अनुकूल है। पोषण के लिहाज से परंपरागत फसलों से उम्दा होना इनके लिए सोने पर सुहागा है।



## बाला फीचर्स से लैस होंगे 449 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी सरकार उत्तर प्रदेश में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण** शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा को रोचक बनाकर बच्चों के सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में खेलों के माध्यम से लर्निंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब परिषदीय प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के परिसर में स्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बाला फीचर्स से लैस किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से प्रति केंद्र 30 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड द्वारा वर्ष 2023-24 के अनावर्तक मद में उत्तर प्रदेश के 449 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स मुहैया कराने के लिए 1.12 करोड़ रुपए का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**प्रबंध समिति के खाते में जाएगी धनराशि:** महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि बाला फीचर्स संबंधी कार्य के लिए 30 हजार रुपए प्रति केंद्र की दर से एक करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए की लिमिट जनपदवार जारी की गई है। उन विद्यालयों की प्रबंध समिति के खाते में धनराशि की लिमिट जारी की जाए व संबंधित विद्यालय व खंड शिक्षा अधिकारी राज्य परियोजना कार्यालय से जारी निदेशों के अनुसार को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स के कार्य को कराना सुनिश्चित करें।

**दीवारों से लेकर खंभे और खुले स्थान पर होंगी रचनात्मक गतिविधियां:** विकसित किए जाने वाले बाला फीचर्स संबंधी कार्य में बालवाटिका एवं मूलभूत साक्षरता के लिए चिन्हित अधिगम लक्ष्यों को आधार बनाया जाए। इसके अंतर्गत कक्ष के अंदर की चारों दीवारों को 1 मीटर की ऊंचाई तक वाटरप्रूफ हरा रंग किया जाएगा या फिर ब्लैकबोर्ड की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर बच्चे आड़ी-तिरछी रेखाएं बनाना या आकृति या शब्द बनाना सीखेंगे। इसके अलावा खिड़की, फर्श का भी इसी तरह रचनात्मक प्रयोग किया जाएगा, जिसके माध्यम से बच्चे खेल और सीखने की गतिविधियों को क्रियान्वित कर सकें। कक्षा के बाहर खुले स्थान पर ओपन सैंड बेड का प्रयोग बच्चों द्वारा मिट्टी या बालू में वर्णों को बनाने में किया जा सकेगा। विद्यालय के खुले उपलब्ध स्थान पर बरामदे आदि पर लूडो, सांप सीढ़ी, गोलतारा एवं विभिन्न प्रकार के आकार जैसे चौकोर, तिकोना, गोल आदि को बनाया जाए।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, सिगरा में जी-20 के तहत आयोजित यूथ-20 समिट के उद्घाटन कार्यक्रम में स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

## मूसेवाला के मर्डर की अयोध्या में प्रैक्टिस हुई थी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल लॉरेंस गैंग के बदमाश यूपी के अयोध्या में इकट्ठे हुए थे। अयोध्या में ये लोग एक नेता के फार्म हाउस में रहे और वहीं पर हथियार चलाने की प्रैक्टिस की। गैंग ने मूसेवाला के मर्डर की पूरी प्लानिंग यूपी के अयोध्या में ही की। अजरबैजान से गिरफ्तार करके वापस इंडिया लाए गए लॉरेंस के भांजे सचिन थापन ने दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की पूछताछ में इसका खुलासा किया। जांच में पुलिस को कुछ फोटो भी मिली हैं, जिनमें सचिन थापन के साथ लॉरेंस के दो प्रमुख शूटर सचिन भिवानी और कपिल पंडित भी नजर आ रहे हैं।

**मई 2022 में हुआ था मूसेवाला का मर्डर:** सिद्धू मूसेवाला की हत्या 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले के जवाहरके गांव में की गई थी। उनकी एसयूवी कार को सड़क पर ओवरटेक करके गोलियां दागी गई थीं। पंजाब सरकार के मुताबिक इस मामले में अब तक 29 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## मणिपुर में थोवई कुकी गांव में हिंसा, 3 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल/नई दिल्ली**
**16 अगस्त** को इंफाल पूर्व में यिंगांगपोकपी में लामलाई केंद्र गांव में वॉलेंटियर्स और ग्वालताबी के विस्थापितों ने केंद्रीय सुरक्षा बलों की वापसी और अपने घर पहुंचने के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जो जातीय हिंसा के दौरान जला दिए गए थे। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे उखरुल के लिटन के पास थोवई कुकी गांव में गोलीबारी हुई। जिसमें गांव के 3 वॉलंटियर्स के मारे जाने की खबर है। कुकी समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के स्पोक्सपर्सन का कहना है कि मैतेई लोगों के हमले में मरने वालों में 26 साल का जामखोगिन, 35 साल का थांगखोकाई और 24 साल का हॉलेंसन शामिल है।

**हिंसा जारी**

**पुलिस का दावा- जंगल में कटी लाश मिली, बॉडी पर चाकू के निशान थे, कुकी गांव में गोलीबारी हुई**



राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया
सबकी ख़बर सब तक
09
करनाल
शनिवार, 19 अगस्त 2023

# पीएम गिरा रहे हैं राज्यों की सरकारें: सीएम

## 'मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन में फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा, हम किसी भी हालत में दिल्ली के काम रुकने नहीं देंगे'

**साधा निशाना**

**केंद्र की भाजपा सरकार ने कानून बनाकर दिल्ली की जनता के अधिकार छीन लिए: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** विधानसभा सत्र के तीसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन में फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सर्विस कानून लाने पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कानून बनाकर दिल्ली की जनता के अधिकार छीन लिए, लेकिन मैं दिल्ली के लोगों को आश्वासन देता हूं कि आपको आपके अधिकार वापस दिलाकर रहूंगा, हम किसी भी हालत में दिल्ली के काम रुकने नहीं देंगे। सदन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने कानून लाकर दिल्ली की जनता के अधिकारों को छीना है। यह कानून क्यों लाया गया, इसे समझने के लिए हमें कुछ पीछे चलना पड़ेगा। दिल्ली विधानसभा सत्र में दो दिन से चल रहे राष्ट्रीय राजधानी में सेवा विभाग पर नियंत्रण वाले जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम 2023 के लागू होने के विरोध में सत्तापक्ष इस मुद्दे पर चर्चा करा रहा था। आप के दो राज्यसभा सदस्य और एक लोकसभा सदस्य के निलंबन का भी विधानसभा में सत्तापक्ष मुद्दा उठा रहा है। आप विधायक संजीव झा ने इस मुद्दे पर चर्चा शुरू की। आप के सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार और मंत्री आतिशी ने भी रखी अपनी बात, सभी ने इस कानून को लाए जाने को गलत बताया।

**मोदी लहर के बीच हमने दिल्ली में बनाई सरकार:** अरविंद केजरीवाल ने सदन में कहा कि 2013 में चारों ओर पीएम मोदी की लहर थी, मगर इसी बीच हम लोगों ने दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ा। 4 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो हमें जनता ने 28 सीटें दीं। 49 दिन हमने सरकार चलाई और ऐसे काम किए कि सभी जगह आम आदमी पार्टी (आप) की चर्चा हुई। हमने सरकार से इस्तीफा दिया और फिर से 2015 का चुनाव लड़ा तो हमें 70 में से 67 सीटें मिलीं। दूसरी बार 2020 में चुनाव लड़ा और 70 में से 62 सीटें जीतीं।

**पीएम सुप्रीम कोर्ट तक की नहीं सुनते:** केजरीवाल ने कहा कि लगातार पीएम मोदी के इशारे पर हमारे काम रोके जा रहे हैं। आज देश में ऐसे प्रधानमंत्री आए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते हैं। ये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए बिल लेकर आए। पीएम मोदी अब नया रथ लेकर चले हैं, इस पर सवार होकर राज्यों की सरकारें गिरा रहे हैं।

### हमारे काम रोकने में लगे हैं पीएम: सीएम

**पिछले** आठ साल से प्रधानमंत्री हमारे काम रोकने के लिए निजी तौर पर लगे हैं। मगर हमारे काम नहीं रोक पाए हैं। हमने लड़-लड़ कर काम कराए हैं। ये लोग कहते हैं कि केजरीवाल 100 करोड़ खा गए, मगर हमने एक भी पैसा नहीं खाया, खाया होता तो इन्हें जरूर मिलता, इन्हें एक भी पैसा नहीं मिला है। सुप्रीम कोर्ट में हम जीतेंगे, फिर से हमें अधिकार मिलेंगे और हमारी सरकार 100 नहीं 200 की स्पीड से काम करेगी। हम दिल्ली वालों के काम नहीं रुकने देंगे।

**हम किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं: केजरीवाल**

दुनिया में कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ है, जो केजरीवाल को झुका दे या तोड़ दे।

### दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली विधानसभा सदन की कार्यवाही शुक्रवार को शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा में नरेश बाल्यान मामले को लेकर भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू किया। उन्होंने कहा कि वह एक बदमाश के साथ वसूली कर रहे हैं इस मामले में विधानसभा ने संज्ञान लेना चाहिए। इस मामले में आप विधायक विनय मिश्रा ने बताया कि इस मामले में नरेश बालियान ने एफ आई आर दर्ज कराई है। वहीं, कोर्ट ने संबंधित चैनल को यह खबर चलाने पर रोक लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि यह खबर फर्जी है। भाजपा विधायकों ने सदन का बहिष्कार किया। संसद में पेश हुई सीएनजी की रिपोर्ट पर विधानसभा उपाध्यक्ष की ओर से बोलने का मौका देने से मना करने पर भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू किया। विधानसभा में संसद में पेश हुई रिपोर्ट के तहत दिल्ली सरकार की ओर से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सेवा और द्वारका एक्सप्रेसवे बनाने के मामले पर चर्चा कराई जा रही है।

## पुलिस के जवानों को मिली जैविक हथियारों से निपटने की ट्रेनिंग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** में सितंबर में जी20 शिखर वार्ता होने वाली है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दिल्ली पुलिस को हाई प्रोफाइल डेलिगेट्स की सुरक्षा का जिम्मा मिला हुआ है, जिसे लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरती जा सकती। जी20 को लेकर कार्यक्रम प्रगति मैदान के कनवेंशन सेंटर में आयोजित होंगे। दिल्ली पुलिस ने कुछ महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी और अब उनको विभिन्न स्थानों पर तैनात भी किया जाएगा। बता दें कि इन डेलिगेट्स के स्वागत के लिए शहर तैयार हो रहा है और पुलिस अपने कर्मचारियों को रासायनिक और जैविक हथियारों को संभालने के लिए प्रशिक्षित कर रही है।

**कमांडो की मध्य प्रदेश में खास ट्रेनिंग:** दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जी20 भारत के लिए बेहद गर्व की बात है और इसका मुख्य आयोजन सितंबर महीने में होना है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे कहा कि इसी जी20 को देखते हुए आतंक विरोधी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने विशेष प्रकार के हथियार, गोला-बारूद, बुलेटप्रूफ जैकेट और एक्स-रे मशीनें भी खरीदी हैं।

साथ ही डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि उन्होंने 19 कमांडो को मध्य प्रदेश के करेरा में खास ट्रेनिंग दी है।

## डीसीडब्ल्यू ने यौन उत्पीड़न मामले में जारी किया नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने विमान में कथित यौन उत्पीड़न की एक घटना पर दिल्ली पुलिस और डीजीसीए को नोटिस जारी किया है। डीसीडब्ल्यू ने विमान में एक यात्री द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया है। यह घटना 16 अगस्त को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट फ्लाइट में हुई बताई जाती है। वायरल वीडियो में आरोप है कि एक यात्री एक महिला फ्लाइट अटेंडेंट और अपनी महिला सहयात्री की अश्लील तस्वीरें खींचने की कोशिश कर रहा था। बताया गया है कि जब उसके मोबाइल फोन की जांच की गई तो उसके मोबाइल में विमान में सवार महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें मिलीं। स्वाति मालीवाल ने मामले में आईजीआई एयरपोर्ट के पुलिस उपायुक्त और महानिदेशक, डीजीसीए को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से इस मामले में की गई गिरफ्तारी समेत एफआईआर का ब्योरा मांगा है।

साथ ही आयोग ने डीजीसीए से पूछा है कि क्या यह मामला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के तहत आंतरिक शिकायत समिति या किसी अन्य समिति को भेजा गया है।

**जवाब तलब**

**यात्री एक महिला फ्लाइट अटेंडेंट और अपनी महिला सहयात्री की अश्लील तस्वीरें खींचने की कोशिश कर रहा था**

## दिल्ली में क्यों आई बाढ़? एलजी ने सीएम को पत्र लिखकर बताया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने राजधानी में आई भीषण बाढ़ के प्रमुख कारणों का उल्लेख किया है। एलजी ने दिल्ली सरकार की ओर से कथित खामियों को उजागर किया है। वर्ष 2019 में हथिनीकुंड से 8.28 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जो अब तक उच्च मात्रा है। उस दौरान पुराने रेलवे ब्रिज (ओआरबी) पर यमुना का जलस्तर 206.6 मीटर के निशान को छू गया था। वहीं, इस वर्ष केवल 3.59 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। फिर भी ओआरबी पर यमुना का स्तर 208.66 मीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली में यमुना 44 किमी के हिस्से में है। वजीराबाद से ओखला तक 22 किमी के बीच यमुना के अंदर 18 प्रमुख रुकावटें हैं, जिस कारण पानी का मुक्त प्रवाह बाधित होता है। वजीराबाद बैराज पर छोड़े गए की गणना करने के लिए डीजेबी (दिल्ली जलबोर्ड) के पास पुरानी और गलत स्तर-आधारित डिस्चार्ज कंप्यूटिंग तालिका है। सी-डी क्लियर न करने की सरकारी विभागों की गैर-पेशेवर अभ्यास और पुल निर्माण स्थलों से निकलने वाला अपशिष्ट, जो यमुना के मुक्त प्रवाह में बाधा डालता है। इन मानव निर्मित अवरोधों की वजह से यमुना के पानी का वेग काफी कम हो गया और पानी का स्तर बढ़ गया। जो शहर की सीमा के भीतर लगभग छह घंटे तक रुका रहा। इसके अलावा यमुना में पिछले कई वर्षों से यमुना में भारी मात्रा में गाद जमा हो गई है। साथ ही गाद निकाली भी नहीं जा रही है।

## मालवीय नगर में मनाया गया वन महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने आज अपनी मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार का वन महोत्सव कार्यक्रम लॉन्च किया। डीजेबी उपाध्यक्ष ने वृक्षारोहण कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदों सहित बड़ी संख्या में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे और क्षेत्र के सम्मानित लोग शामिल हुए।

वन महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन कर राजधानी दिल्ली को हरा - भरा बनाकर प्रदूषण मुक्त बनाना है। सरकार द्वारा इस साल लगभग 52 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा 50 लाख पौधा/झाड़ी एनडीएमसी द्वारा लगाए जाएंगे।

## मेट्रो में रील्स और डांस वीडियो बनाने वालों को डीएमआरसी की चेतावनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** मेट्रो ट्रेन के अंदर कभी यात्रियों के बीच लड़ाई तो तो कभी कपल के द्वारा की गई अश्लील हरकत करने के वीडियो वायरल होते रहते हैं। दिल्ली मेट्रो वीडियो बानने वालों की पसंदीदा जगह बनी हुई है। ट्रेन के अंदर से हर रोज तरह-तरह के वीडियो वायरल होते रहते हैं। डीएमआरसी कई बार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी जारी कर चुका है। लेकिन लोग हैं कि मानने को ही तैयार नहीं है। अब डीएमआरसी ने मेट्रो के अंदर और प्लेटफॉर्मों पर डांस करने वालों के खिलाफ चेतावनी देते जारी की है। डीएमआरसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर एक मीम शेयर किया है।

## दिल्ली दंगा: उमर खालिद की जमानत याचिका पर दो हफ्ते के लिए सुनवाई टली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की बेंच ने जमानत पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। नौ अगस्त को जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। 18 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को दिल्ली हाई कोर्ट ने उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा दिसंबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच हुई बैठकों का नतीजा थी, जिनमें उमर खालिद भी शामिल हुआ था। उमर खालिद का नाम साजिश की शुरूआत से लेकर दंगा होने तक आता रहा। उमर खालिद व्हाट्सऐप ग्रुप डीपीएसजी और मुस्लिम स्टूडेंट्स ऑफ जेएनयू का सदस्य था। उमर खालिद ने कई बैठकों में हिस्सा लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर चार्जशीट पर भरोसा किया जाए तो ये साजिश की ओर साफ-साफ इशारा कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र में होने वाले आम राजनीतिक प्रदर्शन की तरह नहीं था बल्कि ये एक खतरनाक था, जिसके गंभीर परिणाम हुए।

## साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहे वर्कर की सड़क हादसे में मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली** के शास्त्री पार्क इलाके में जीटी रोड पर सड़क के डिवाइडर पर एक खंभे पर साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार महिंद्रा थार जीप ने सड़क पर खड़े एक मिनी ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस कारण वह सड़क के डिवाइडर पर काम कर रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद थार चालक और उसमें सवार अन्य लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। मृतक की पहचान शालीमार गांव निवासी 32 वर्षीय सोहन के तौर पर हुई हैं। वह पीडब्ल्यूडी में काम करता था। इसके साथ ही मिनी ट्रक चलाता था। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि शुक्रवार तड़के एक बजकर 48 मिनट पर शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में जीटी रोड, युधिष्ठिर सेतु के पास दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। शास्त्री पार्क थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उस समय वहां एक मिनी ट्रक और महिंद्रा थार वाहन क्षतिग्रस्त हालात में मिले। मिनी ट्रक में दबा एक युवक मिला, जिसे निकालकर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि सोहन सड़क के डिवाइडर पर लगे एक खंबे पर साइन इंडिकेटर नोटिस बोर्ड लगा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार महिंद्रा थार वाहन उसके मिनी ट्रक से आकर टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि मिनी ट्रक डिवाइडर पर कम कर रहे सोहन के ऊपर जा गिरा। इस टक्कर से सोहन की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे में महिंद्रा थार और मिनी ट्रक दोनों बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिन्हें मौके से जब्त कर लिया गया।

**दर्दनाक**

**सड़क के डिवाइडर पर काम कर रहे पीडब्ल्यूडी वर्कर पर जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई**



# 'लोगों को राक्षस बताने वाली मानसिकता पर कांग्रेस ने लगाई मोहर'

## एयरपोर्ट का नाम अम्बा एयरपोर्ट अम्बाला छावनी रखने का प्रस्ताव रखा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को मध्यप्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर कड़ा प्रहार किया है। विज ने टविट करते हुए कहा कि हिंदुस्तान के लोगों को राक्षस कहने वाले कांग्रेस के नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश का प्रभारी बनाकर बड़ा तोहफा दिया है, लोगों को राक्षस बताने वाली मानसिकता पर कांग्रेस ने अपनी मोहर लगा दी है।
गौरतलब है कि विगत दिनों एक बयान पर रणदीप सुरजेवाला ने वोटर्स को राक्षस कहा था

**अम्बाला में एयरपोर्ट का नाम अम्बा एयरपोर्ट अम्बाला छावनी रखने का**



**प्रस्ताव :** गृह मंत्री अनिल विज

वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री विज ने कहा कि बहुत जल्दी अम्बाला छावनी एयरपोर्ट का कार्य शुरू होने वाला है। उन्होंने एयरपोर्ट का नाम अम्बा एयरपोर्ट अम्बाला छावनी रखने का प्रस्ताव रखा है और मुख्यमंत्री को इसके लिए पत्र भी भेजा है। श्री विज ने कहा कि अम्बाला का नाम अम्बा देवी से लिया गया है। गौरतलब है कि अम्बाला का नाम देवी अम्बा के नाम से लिया गया है, जिनका मंदिर भी अम्बाला में स्थित है। यह मंदिर प्राचीन काल का मंदिर है और बहुत लंबे समय से है।

**साधा निशाना**

**8 प्रधानमंत्री का वायदा है कि अगले पांच सालों में देश विश्व की टॉप तीन अर्थव्यवस्था में आएगा : विज**

**अंग्रेज कांग्रेस को घुड़की देकर गए थे कि बांटों और राज करो : गृह मंत्री अनिल विज**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहले कौन सा भारत टूटा हुआ था, जो राहुल गांधी की चहलकदमी करने से कुछ फर्क आ गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी दुकान से नफरत का सामान बेचती आई है, इनका पुराना इतिहास रहा है। इनके वरिष्ठ नेताओं ने वर्ष 1947 में भारत के दो टुकड़े करवाकर लाखों लोगो का कत्लेआम करवाया। उन्होंने कहा कि 1984 में कांग्रेस सिख दंगों पर राजनीति की और लगभग 3400 लोगों को मार दिया। श्री विज ने कहा कि अंग्रेज जाते हुए कांग्रेस को घुड़की दे गए थे कि बांटो और राज करो। गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने बयान में कहा था कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं जबकि पीएम भारत तोड़ों कर रहे हैं। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह ह नूंह हिंसा पर सरकार के न्यायिक जांच से भागने के सवाल पर मंत्री अनिल विज ने हुड्डा पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कब कहा कि हम भाग रहे। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि अब जल्दी ही नूंह हिंसा का सच लोगों के सामने आएगा, तब हुड्डा साहब को छुपने की जगह नहीं मिलेगी। वही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किए बयान पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि जब कांग्रेस गई, तो देश अर्थ व्यवस्था में 10वें नंबर पर थे।

## न्यूज फ्लैश

### इंसानियत हुई शर्मसार: कबाड़ी बाजार नाले से मिला नवजात भ्रूण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**छावनी के** गवर्नमेंट कॉलेज के पास इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। कल दोपहर लगभग 12 बजे नाले से एक नवजात बच्ची जैसा दिखने वाला भ्रूण बरामद हुआ। हालांकि अभी तक पुलिस इस मामले की जांच कर रही है तथा अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में भ्रूणनुमा नवजात को लाया गया है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगा रही है यह भ्रूण कैसे पहुंचा। हालांकि इसका खुलासा उस समय हुआ जब एक कुत्ता नाले से नवजात को अपने जबड़े में फंसाकर सड़क पर ले जा रहा था। इतना ही नहीं बच्ची की नाल भी साथ ही जुड़ी हुई थी। स्थानीय दुकानदार की नजर नवजात पर पड़ी तब उससे छुड़वाया और डॉयल 112 को सूचित किया। लोगों की भारी भीड़ इक्कठी हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को गत्ते के डिब्बे में डालकर छावनी नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। हालांकि अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है कि नवजात बच्ची की जन्म से पहली मौत हुई या फिर बाद में। उधर इलाका पुलिस ने भी मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी। इसको लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ आसपास के अस्पताल में भी पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी अंबाला में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। जिन पर भी पुलिस जांच में जुटी है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से कांग्रेस के नेता बौखला चुके हैं: नेहरा



**गन्नौर: भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा जन सम्पर्क के दौरान गन्नौर विधान सभा के अन्तर्गत गांव सांदल कला गढी नवादा और शेखपुरा मे पार्टी की नीतियों के बारे मे कहा कि भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढती हुई लोकप्रियता से कांग्रेस के नेता इस कदर बोखला चुके हे कि देश की जनता को भी गालियां देने लगे हैं अभी हाल ही में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने भाजपा को वोट देने वालों को ही राक्षस कह दिया। इस तरह के लोगों को हरियाणा की जनता ने तो पहले ही नकार दिया है। ऐसे लोग केवल अपने आकाओ को खुश करने के लिए इस तरह के चापलूसी भरे बयान देते हैं परन्तु आने वाले चुनाव मे देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस और उनके सहयोगी दलो को धुल चटाए गी। इस अवसर पर उनके साथ विस्तारक विनय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष संजय गौतम , महासचिव सुखबीर प्रजापति , श्रवण कौशिक, पूर्व सरपंच राकेश, गढी नवादा के पूर्व सरपंच जरनैल सिंह, राज सिंह नंबरदार, बिशना कश्यप, सुभाष प्रजापति, प्रमोद कुमार , धर्मवीर कश्यप आदि उपस्थित थे।

### भाविप वीर सावरकर शाखा के मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में 36 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**गन्नौर : भारत** विकास परिषद, वीर सावरकर शाखा गनौर द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत आर्य आदर्श विद्यालय गनौर मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 12 स्कूलों के 36 बच्चों तथा 15 शिक्षिकाओं ने भाग लिया। स्कूल की ओर से मुख्य अध्यापिका सुषमा भूटानी एवं प्रताप भूटानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षक वर्ग में प्रथम पुरस्कार निधि कौशिक, द्वितीय पुरस्कार उर्वशी , तृतीय पुरस्कार कविता को मिला। छात्रा वर्ग में प्रथम पुरस्कार ईशा (चाइल्ड केयर स्कूल) रविष,गीता माडर्न स्कूल और पूनम दुर्गा विद्या मंदिर को मिला। द्वितीय पुरस्कार हीन , बी.आर ग्लोबल स्कूल एवं सुहानी,दुर्गा विद्या मंदिर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया । तृतीय पुरस्कार जोया देवकुल शिक्षा सदन, मानसी चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल एवं डी. ए. वी.पब्लिक स्कूल की वंशिका को दिया गया । शाखा की अध्यक्षा मंजू भूटानी , सचिव मंजू शर्मा ने विभिन्न स्कूल से आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष संस्कार प्रवीण सिंघल , प्रीतम आहूजा व भारत भूषण भूटानी ने व्यवस्था संभाली। गरिमा भौरिया निर्णायक के रूप उपस्थित रही। परिषद की ओर से महिला संयोजिका पूनम सिंघल, ,सुबोध शर्मा , मोनिका गुजराल,विनीता पटेल,आशा सिंघल,अलका सिंघल,शशिकांता शर्मा,नेहा मित्तल,विजय पाल शर्मा आदि मौजूद थे।

## संत विवेकानंद विद्यापीठ में हरियाली तीज त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
पुरखास गांव में स्थित संत विवेकानंद विद्यापीठ में हरियाली तीज त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया । स्कूल के छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अभिभावकों का मनोरंजन करवाया। 50 छात्राओं ने हरे रंग के परम्परागत परिधानों में सजधज कर मंच पर आईं और नृत्य एवं गायन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया` विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने हरियाली तीज के महत्व के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय में होते रहने चाहिए, जिससे विद्यार्थी अपने देश संस्कृति से जुड़े रहें।

## तीन अवैध लोडेड देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन पानीपत**
**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम को वीरवार देर शाम गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक चौटाला रोड से जीटी रोड की तरफ आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए चौटाला रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध किस्म का युवक चौटाला रोड पर खेल स्टेडियम की और पैदल आते हुए



दिखाई दिया। पुलिस टीम ने पास आने पर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान नवीन उर्फ पहलवान पुत्र राजबीर निवासी गांधी कॉलोनी समालखा के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से तीन अवैध देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुए। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो तीनों लोडेड मिले। जिनकों अनलोड कर कब्जा पुलिस में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया वह शराब ठेकेदार के पास ठेकों से कैश इक्कठा करने का काम करता है। उसको हथियार रखने का शौक है। करीब 4 महीने पहले वह यूपी के शामली जिला के गांव घंघेरू गया था। जहा उसने एक अज्ञात युवक से उक्त अवैध तीन देसी पिस्तौल व तीन जिंदा रौंद 21 हजार रूपए में खरीदे और घर ले आया।
आरोपी के कब्जे से तीन अवैध देसी पिस्तौल व तीन जिंदा रौंद बरामद कर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुराला में किया गया नृत्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ (दलबीर मलिक) हरियाणा**
कला परिषद कुरुक्षेत्र व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुराला की तरफ से धुराला सरकारी स्कूल में 20 दिवसीय नृत्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य शिक्षिका द्वारा छात्राओं को हरियाणवी एकल नृत्य,समूहनृत्य व पंजाबी गिद्धा सिखाया गया। जिसका 18 अगस्त को समापन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा कला परिषद से मीडिया प्रभारी विकास शर्मा व ललित कला कॉर्डिनेटर सीमा कम्बोज पहुंचे।समापन पर



छात्राओं ने नृत्य कर के अपनी कला का प्रदर्शन किया।मुख्यातिथि ने छात्राओं को संबोधित करते हुए हरियाणा कला परिषद के कार्यो से अवगत कराया व बच्चों को हरियाणवीं संस्कृति के बारे में बताया।स्कूल की तरफ से प्रधानाचार्य निशा रानी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्यआशारानी,रीना,कोमल देवी,नीलम,स्वेता,अनुपमा,गीता,रूबी आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों के स्वास्थ्य के लिए लगाया गया स्कूल में स्वास्थ्य शिविर: डॉ अंकिता शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
योग एवं आयुर्वेद विभाग (आयुष विभाग) सोनीपत की और से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झ गांव बजाना खुर्द, गन्नौर, सोनीपत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल जी के निर्देशन में कार्यरत अटड डॉ अंकिता शर्मा (आयुष विभाग), फार्मासिस्ट धर्मेंद्र, योग सहायक जीत राम और अ र प्रवीन जी द्वारा शिविर को संचालित किया गया। जहां निशुल्क दवाईयां दी गई। बजाना खुर्द में स्थित औषधायल के माध्यम से आसझपास के गांव तेवडी, बजाना



कलां और पुगथला इत्यादि गावों के नागरिक भी स्वास्थ्य लाभ ले रहें हैं। दूसरी ओर योग सहायकों द्वारा गांव में नियमित योगाभ्यास कराया जाता है, जो विभिन्न स्थानों स्कूल, चौपाल, आंगनवाड़ियां पर योग की क्रियाएं सिखाकर लोगों के स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। शिविर का उद्देश्य लोगों को अधिक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना और जन झ जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में शारीरिक रूप से कमजोर, उदर में कीड़े, पेट दर्द, दाद खुजली, चेहरे पर फुंसिया, खासी, मधुमेह, त्वचा रोग और बवासीर आदि रोगों की दवाइयां दी गई।

## कल लगेगाग 62वां निशुल्क विशेष न्यूरो कैंप

**गन्नौर। आशा** न्यूरो केयर गन्नौर 62वां निशुल्क विशेष न्यूरो कैंप 20 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा।
डाक्टर अश्वनी ने बताया कि शिविर में दिमाग,नसों व रीड की हड्डी से संबंधित बीमारियां , दिमाग, रीड व नसों के ट्यूमर , मिर्गी के दौरे , बेहोशी , हाथ पैर कांपना , लकवा, दिमाग की नस फटना, दिमाग मे थक्का जमना, नस ब्लॉक होना, सरदर्द , माइग्रेन, कमरदर्द, डिस्क, साइटिका, मनके या छल्ले हिलना, नसों की कमजोरी, सूनापन व झनझनाहट, गर्दन दर्द, सर्वाइकल आदि की जांच की जाएगी।

## ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में तीज उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**ताऊ देवीलाल** राजकीय महिला महाविद्यालय में तीज उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें छात्राओं ने हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी नृत्य आदि की प्रस्तुति दी और अपनी सभी शिक्षिकाओं को तीज के शगुन के तौर पर हरी चूड़ियां पहनाई। सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने पींग बढ़ाकर झूलों का आनंद लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सपरा ने सभी छात्राओं को तीज की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का आयोजन



महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ ज्योति राज और महिला प्रकोष्ठ समिति की संयोजिका डॉ गीता ने संयुक्त रूप से करवाया। इस अवसर पर डॉ सीमा ठाकरान , डॉ सरिता बंगा,डॉ अनुप्रिया पुनिया, डॉ प्रियंका, डॉ संदीप, डॉ प्रवीण, डॉ जसबीर सांगवान, अन्नू , डॉ सविता,डॉ पूनम, ज्योति और अंकित आदि सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में मनाया एंटी रैंगिंग जागरूकता सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**होटल** प्रबंधन संस्थान, पानीपत में एंटी रैंगिंग जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जो की 12 से 18 अगस्त के बीच चलाया गया। संस्थान में एंटी रैंगिंग जागरूकता के तहत एक कार्यक्र्म का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रतीक जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पानीपत ने सिरकत की। संस्थान के छात्राओ ने प्रतीक जैन का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रतीक जैन ने नवप्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए एंटी रैंगिंग जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने एंटी रैंगिंग के दुष्परिणामो के बारे में बताया। उन्होने



विधिक प्रावधानों का हवाला देते हुए बताया की रैंगिंग अपराध करने वाले छात्र का सम्पूर्ण भविष्य अंधकारमय हो सकता है जो उसे अच्छी नोकरी से वंचित रख सकता है। कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने प्रधान सचिव प्रतीक जैन के आई.एच.एम.पानीपत आने पर आभार जताया। उन्होने बताया की रैंगिंग संस्थान में पूरी तरह से वर्जित है। जिसमे निंबन्ध लेखन और पोस्टर मेकिंग शामिल है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओ को प्रतीक जैन ने उपहार देकर सम्मानित किया। निंबन्ध लेखन में प्रथम स्थान पर अंशु (फूड प्रॉडक्शन डिप्लोमा), द्वितीय पर आस्था (बी.एस.सी. प्रथम वर्ष), तृतीय पर सोरभ शर्मा (फूड प्रॉडक्शन डिप्लोमा) और पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर सुरयांश (बी.एस.सी. प्रथम वर्ष), द्वितीय पर शेखर (फूड प्रॉडक्शन डिप्लोमा), तृतीय पर मीनू (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष) पर रहे। इस अवसर पर संस्थान के आशीष सिक्का, नोबल कौशिक, नीलम रानी, संदीप ठाकुर, सन्नी फौर, अनिल सपड़ा, अनिल कुमार एवं नवप्रवेशित छात्र मौजूद रहे।

## पाइट एनसीआर की आस्था ने बीफैड और दिव्या सोन ने इकोनॉमिक्स में किया यूनिवर्सिटी टॉप

**टीम एक्शन इंडिया/ समालखा/कमाल हुसैन**
**पाइट एनसीआर** कॉलेज की आस्था बजाज ने बैचलर इन फैशन एंड एप्रियल डिजाइन (बीफैड) में यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। उसके साथ ही मीनाक्षी ने यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं को कॉलेज में सम्मानित किया गया। चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि बेटियां किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। यूनिवर्सिटी में बेटियां टॉप कर रही हैं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि दोनों छात्राओं के अलावा इकोनॉमिक्स में दिव्या सोन ने



यूनिवर्सिटी में पहला स्थान हासिल किया है। मानसी ने मेरिट में स्थान बनाया है। फैशन डिजाइन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। स्वरोजगार से दूसरों को रोजगार दिया जा सकता है। प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज ने कहा कि कृषि के बाद टेक्सटाइल क्षेत्र ऐसा है, जो सर्वाधिक रोजगार देता है। फैशन डिजाइन में लड़कियों के लिए काफी स्कोप है। अपने लक्ष्य की तरफ केंद्रित होकर पढ़ने वाले बच्चे सफल होते हैं। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

### सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली आदि जनकल्याण की तमाम योजनाओं को सिकोड़ा जा रहा

## मांगो को लेकर संयुक्त कर्मचारी संघ ने कमिशनर को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**सर्व** कर्मचारी संघ हरियाणा ने कमिशनरी अम्बाला के अंतर्गत आने वाले 4 जिलों कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला, अम्बाला के कर्मचारियों ने आयुक्त कार्यालय अम्बाला पर जोरदार प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता सेवा राम सरवन जांगड़ा,महिपाल सोढ़े व ओम प्रकाश व संयुक्त संचालन विकास वर्मा गुलशन भारद्वाज विजय कुमार संदीप नरवाल ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव नरेश कुमार व राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह की विशेष उपस्तिथि रही। नरेश कुमार व मांगे राम तिगरा ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। सार्वजनिक शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास,रोजगार, सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली आदि

**विरोध**

**8 प्रदर्शन को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है**



जनकल्याण की तमाम योजनाओं को सिकोड़ा जा रहा है व सरकारी संस्थानों को पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है और श्रम कानूनों में पूजीपतियो के हक में बदल कर जनविरोधी नीतियों को तेजी से लागू करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है। जरनैल सिंह व पाल कौर ने कहा कि सरकार यूनियनों के द्वारा किए जा रहे आंदोलनों की अनदेखी कर रही है, जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। पुरानी पेंशन की बहाली, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को 2 साल की सेवा के बाद नियमित करना, कौशल रोजगार निगम को भंग करना, विभागों की पुरानी वेतन विसंगतियों,कॉमन कैडर खत्म किया जाए,वर्कलोड के अनुसार नए पद सजृत किए जाए,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रमोशन अवधि 5 वर्ष से घटाकर 2 वर्ष कर पदोन्नति करना,सातवें वेतन आयोग के अनुसार मकान किराया भत्ता,कोरोना काल में रोका गया 18 महीने के डीए का एरियर,आरक्षण का बैकलॉग पूरा किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### बायोफैच इंडिया 7 से 9 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा

**यमुनानगर।** 14 साल की सफलता के बाद, बायोफैच इंडिया का 15वां संस्करण 7 से 9 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर ग्रेटर नोएडा में होने जा रहा है। अग्रणी जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज की कंपनियों को एक ही मंच पर लाने के लिए न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया के एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) संग आयोजित होने वाले नेचुरल एक्सपो इंडिया 2023 और मिलेट इंडिया 2023 भी इस कार्यक्रम में सह-स्थित होंगें। बायोफैच इंडिया एक ऐसा मंच है जहां संपूर्ण जैविक उद्योग हर साल सरकारी निकायों, सहकारी समितियों, किसानों, निमार्ताओं, विक्रेताओं, नए प्रवेशकों और इच्छुक लोगों के लिए नवीनतम उत्पादों, नवाचारों को प्रदर्शित करने, व्यापार में संलग्न होने और रुझानों को आकार देने हेतु आपस में मजबूत संबंध बनाने के लिए एक बैठक के रूप में एकत्रित होते हैं। इस तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य प्राकृतिक खाद्य और सौंदर्य उत्पादों और मिलेट इंडिया के निमार्ताओं, वितरकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करना है और यह इस दौरान एफ एंड बी, स्वास्थ्य, जीवन शैली और पोषण क्षेत्रों में कई नए विशेष और कारीगर उत्पादों की मेजबानी करेगा। प्रतिष्ठित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता इस सम्मेलन और पैनल चचाओं का हिस्सा होंगे, जिसमें भोजन, पेय पदार्थ, अनाज, मसाले, दालें, डेयरी उत्पाद, प्राकृतिक देखभाल और कल्याण तथा मौटे अनाज जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 200+ प्रदर्शनी कंपनियां भाग लेंगी।

### फ्लिपकार्ट ने किया सेलर कान्क्लेव का आयोजन

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी देशव्यापी पहल सेलर्स कॉन्क्लेव की सफलतापूर्वक शुरूआत कर दी है। पहला कॉन्क्लेव दिल्ली में आयोजित किया गया। सेलर कॉन्क्लेव का उद्देश्य विभिन्न संवाद सत्र के माध्यम से सेलर्स को सशक्त करना है। साथ ही बहुप्रतीक्षित त्योहारी सीजन 'द बिग बिलियन डेज' के दौरान उनकी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की विकास संबंधी योजनाओं, ग्राहकों की मांग और खरीदारी के ट्रेंड को लेकर उन्हें जानकारी देना भी इनका उद्देश्य है। कॉन्क्लेव का लक्ष्य सेलर्स को उद्यमिता के प्रयासों और कारोबारी क्षमता के मामले में अनूठी दक्षता पाने में सक्षम बनाना है। दिल्ली में आयोजित पहले कॉन्क्लेव में उत्साह के साथ 1,200 से ज्यादा उद्यमियों ने हिस्सा लिया। **फ्लिपकार्ट के** बहुप्रतीक्षित सालाना इवेंट द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) के 10वें संस्करण का समय करीब आ रहा है। ऐसे में सेलर कॉन्क्लेव का उद्देश्य उन्हें जरूरी कौशल, जानकारी और टूल्स से लैस करना है, जिससे वे अपनी उद्यमिता के सफर पर तेजी से आगे बढ़ सकें। इस कॉन्क्लेव में सेलर्स को त्योहारों के उत्साह का लाभ उठाने में मदद करने और सीखने एवं आपसी गठजोड़ के माहौल को बढ़ावा देते हुए उनके कारोबार के विकास को गति देने पर फोकस किया गया। इवेंट में उन तरीकों पर भी जोर दिया गया, जिनसे सेलर प्रभावी तरीके से ई-कॉमर्स की ताकत का फायदा लेते हुए और फ्लिपकार्ट के एडवांस्ड एनालिटिक्स टूल्स की मदद से डाटा आधारित निर्णय लेते हुए अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ा सकते हैं। कॉन्क्लेव में फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और उन अवसरों के बारे में बताया, जिन पर इस त्योहारी सीजन में सेलर्स को नजर रखनी चाहिए। फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड मार्केटप्लेटस राकेश कृष्णन ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में हमारी सेलर कम्युनिटी की सफलता हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस तरह के कॉन्क्लेव से हमें उनके विकास एवं समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। हम मानते हैं कि इस तरह के कार्यक्रम ई-कॉमर्स की व्यवस्था में आगे बढ़ने के लिए टूल्स एवं जानकारियों के माध्यम से सेलर्स को सहयोग देने एवं उन्हें सशक्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। दिल्ली में अपने कॉन्क्लेव में सेलर्स की तरफ से मिली प्रतिक्रिया से हम उत्साहित हैं और इस दिशा में अन्य कार्यक्रमों में भी ऐसी सहभागिता की उम्मीद कर रहे हैं।'

### भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री सोलर पावर सॉल्यूशन से 4.5 अरब मीट्रिक टन से अधिक कार्बन कम कर सकती है: लूम सोलर

**नई दिल्ली।** भारत के नेट जीरो मिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लूम सोलर फैशन क्लॉथ मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रियल यूनिट और टेक्सटाइल इंडस्ट्री को शिक्षित एवं जागरूक करने का काम कर रहा है, ताकि कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सके। इस एजेंडे पर अगर सही ढंग से काम किया जाए तो लगभग 15 लाख टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग युनिट्स द्वारा 4.5 मिट्रिक टन कार्बन कम किया जा सकता है, जो 7 अरब पेड़ों के बराबर है। लूम सोलर की ओर से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के उद्देश्य को हासिल करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जिसके तहत उद्देश्य और कार्बन हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में कपड़ा उद्योग के लिए सोलर सॉल्यूशन यूनिट तैयार किए गए हैं। इससे देश की इंडस्ट्री तो विकास करेगी ही साथ ही हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में कपड़ा उद्योग में अपने सबसे कुशल सौर पैनलों के साथ 350 किलोवाट सौर ऊर्जा संचालित समाधान तैनात किया है, जिससे इसके परिसर के लिए डीजल जेनसेट के माध्यम से कैप्टिव पावर पर निर्भरता कम हो गई है।

# केवल माताएं, बहनें व बेटियां ही आमंत्रित

## राज्य स्तरीय तीज महोत्सव की तैयारियां मुकम्मल, मुख्यमंत्री द्वारा दीपप्रज्जवन के साथ होगी कार्यक्रम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**



**स्थानीय सैक्टर:**13-17 के गुरु तेग बहादुर मैदान में शनिवार को आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय तीज महोत्सव की प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोशल मीडिया पर अलग से यातायात प्लान जारी किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश भर से करीब 25 हजार महिलाओं के पहुंचने की संभावना है। स्थानीय पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल 101 से ज्यादा महिलाओं को सम्मानित करेंगे व 25 हजार से ज्यादा महिलाओं को तीज की कौथली प्रदान करेंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शंखावत ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया व अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम में वही पुरूष प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें प्रशासन की ओर से आई कार्ड उपलब्ध होंगे। उन्हीं अधिकारियों को भी कार्यक्रम के अन्दर जाने की अनुमति दी गई है जिनकी डयूटी जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई है। बिना अधिकृत परिचय पत्र के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी समारोह स्थल में अन्दर प्रवेश नही कर सकेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री दीप प्रज्जवलन कर करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग से आधुनिक कम्प्यूटरों के साथ प्रैस गैलरी निर्मित की गई है। अलग से उदघोषणा कक्ष, पुलिस पोस्ट कंट्रोल रूम, रिसैपशन आदि स्थापित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मातृशक्ति के बैठने के लिए 20 हजार से ज्यादा हरे रंग की कुर्सियों की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर पीने के शुद्ध जल का विशेष प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर अलग से 150 शौचालयों की व्यवस्था गई है। स्वास्थ्य व आयुष विभाग की और से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर दमकल विभाग की गाडियां व हैल्थ विभाग की एम्बुलैंस मौजूद रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि 55 के करीब स्वयं सहायता समूह के स्टॉल लगेंगे। 35 स्टॉलों पर फूड कोर्ट उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में 500 के करीब बसों में महिलाएं विभिन्न जिलों से शामिल होंगी।

**तीज महोत्सव**

**8 कार्यक्रम की सफलता को लेकर सोशल मीडिया पर अलग से यातायात प्लान जारी किया गया**

## विज्ञान ही ऐसा साधन जो हमें नित नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है : देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । शुक्रवार को** तीज फेस्ट कम मॉडल एग्जिबिशन जैन स्कूल मे लगाया गया। जिसमें पहली कक्षा से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने तरह-तरह के ज्ञानवर्धक और सुंदर मॉडल बनाए, जिसमें साइंस, इंग्लिश, हिंदी व मैथ्स सहित हर विषय के मॉडल बच्चों ने बनाए। इसके अलावा तीज फेस्ट में रंग-बिरंगी ड्रेस पहन कर छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उनका बच्चों ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। कादियान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों द्वारा बनाए मॉडल का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ही ऐसा साधन है, जो हमें नित नए आविष्कार के लिए प्रेरित करता है। विज्ञान हमारे जीवन की नवीनता को बनाए रखता है।

## भारत विकास परिषद ने मनाया तीज महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंदरगढ़**


**भारत** विकास परिषद महेंद्रगढ़ शाखा ने राजा मैरिज पैलेस में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। शाखा की प्रांतीय महिला सह संयोजिका उमा खुराना व महिला संयोजिका रीना बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के पवित्र महीने में भारत विकास परिषद शाखा महेंद्रगढ़ द्वारा राजा मैरिज पैलेस में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम आने वाले सभी सदस्यों का तिलक लगाकर तथा माला पहनकर स्वागत किया गया । उसके बाद तीज के झूले झूले गए और सावन के गीत गाए गए । तीज के पावन अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा भोजन को जूठन ना छोड़ने का व व्यर्थ न करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद् महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष सुरेश सैनी, जिला समन्यक भरत खुराना, संजय माधोगढिया, इंद्रलाल शर्मा, नपा उपप्रधान मंजू कौशिक, इंद्रा नांगलिया, संजू शर्मा, मेघा, शालिनी, सोनिया जिंदल, सुनैना माधोगढ़िया, अर्चना मैहता, पूजा, सारिका, नीता आदि उपस्थित थे।

## चेन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर थाना** सोनीपत पुलिस ने चेन चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिंदा निवासी बाबा कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बाबा कॉलोनी निवासी विमला ने गत 14 अगस्त को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह घर पर रात के समय सो रही थी। किसी ने उसके गले में पहली सोने की चेन चोरी कर ली। अपने स्तर पर चेन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## पंचतत्व में विलीन हुए महान शिक्षाविद शांति ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मधुबनी**



पंच तत्व में विलीन हुए महान शिक्षाविद व मधुबनी जिला अंतर्गत बेनीपट्टी प्रखंड खिड़हर उच्च विद्यालय के सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य शांति ठाकुर कल 16/08/2023 शाम 6:30बजे 79 वर्ष के उम्र में बिहार राज्य मधुबनी मेडिकल कॉलेज में अन्तिम सांस लेकर परमात्मा को सिधार गए वह बहुत मिलनसार मृदुभाषी ब्यक्तित्व उनके मृत्यु से सम्पूर्ण बेनिपट्टी प्रखंड शोकाकुलित है उनके छात्र रहे 1996 बैच के IPS ADG Cisf आलोक कुमार व उन्ही के छात्र रहेपूर्व लोक सभा शदस्य महाबल मिश्रा विनम्र श्रद्धांजलि दिए है और दोनों ने बताए कि श्री शांति बाबू का जाना गरीब छत्रों के लिए बहुत बड़ी क्षति है कारण व गरीब छत्रों को अपने समय मे निशुल्क अलग से अपने घर पर ट्यूशन पढ़ाते थे वर्ष 2019 में श्री शांति कुमार ठाकुर को इंद्रप्रस्थ मिथिला परिवार द्वारा बाबा विद्यापति स्मृति पर्व समारोह नरेला में शिक्षाविद सम्मान से सम्मानित किया गया था उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा के किए मधुबनी जिला द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है उनका अंतिम संस्कार 17/08/2023 को उनके पैतृक ग्राम मधुबनी जिला के मनपौर ग्राम में हुआ जिसमें पूरे मनपौर ग्राम व उनके आस पास के सैकड़ो ब्यक्तिव उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दिए वो अपने पीछे हंसता खेलता परिवार छोड़कर गए है उनका जेष्ठ पुत्र भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी श्री संजय ठाकुर ने उनको मुखाग्नि दिए व उनके छोटे पुत्र निखिल चंदन पौत्र बालादित्य सेतु व सम्पूर्ण ग्राम वासी उनके अंतिम विदाई देकर नम हो गये।

## हरियाणा उदय के जागरूकता अभियान में स्कूल के बच्चों को किया जागरूक

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**



**हरियाणा उदय** कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खरखौदा के सरकारी स्कूल में पहुँचकर कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों से मुलाकात की और आगे भविष्य में पढ़ाई और अन्य कोर्स जैसे आईटीआई आदि बारे विस्तार से चर्चा भी की। इस दौरान एसीपी जीत सिंह बेनीवाल ने उपस्थित बच्चो को बताया गया की आपके क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा मारुति का बहुत बड़ा प्लांट लगाया जा रहा है। इस प्लांट के साथ और काफी सहयोगी प्लांट का निर्माण भी होना निश्चित है। इस आईएमटी वा अन्य आने वाले प्लांट से यहां रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस प्लांट में तकनीकी ट्रेड के रोजगार काफी मात्रा में मिलेंगे इसलिए इच्छुक बच्चो से कहा गया की आप आईटीआई से विभिन्न ट्रेड में आप यहाँ कोर्स कर सकते हो ताकि भविष्य में आपको यहाँ अपने क्षेत्र में रोजगार मिल सके। इसके लिए बच्चो से यही भी कहा गया की आप अपने गांव /शहर में अपने अन्य भाई बहनों को इस बारे जागरूक भी करे ताकि युवा पीढ़ी रोजगार की इस मौका को प्राप्त कर सके। उपस्थित बच्चों को यह भी बताया गया की किसी को आईटीआई एडमिशन सम्बन्धी कोई भी दिक्कत हो। इस बारे हमे बताया ताकि हम उच्च स्तर पर बात करके उसका समाधान निकलवा सके। इस अभियान में आईटीआई खरखौदा के प्रिंसिपल संदीप अहलावत से भी बात हुई उन्होंने कहा की हमारे यहाँ पर 600 बच्चो के लिए अलग अलग 18 ट्रेड है। लेकिन अभी तक करीब 425 बच्चो ने दाखिला लिया है। उन्होंने करीब अन्य चार ट्रेड बारे कहा है कि अगर ये ट्रेड यहां आईटीआई में मंजूर होकर आ जाए जिसका मुख्य संबंध इस मारुति प्लांट से है। हरियाणा उदय के जागरूकता अभियान में रोजगार के अवसर बारे बच्चो को बताने से और उनके द्वारा पूर्णता अमल करने से क्राइम और नशा में बहुत कमी आयेगी। आज बच्चो के साथ संवाद में नशा, क्राइम और साइबर फ्रॉड से बचने के भी संदेश दिया गया। साइबर फ्रॉड के बारे में बच्चो से गांव, शहर में अपने परिजनों को भी सावधान करने बारे कहा गया। इस दौरान सचूल स्टाफ के साथ साथ एसीपी जीत सिंह, थाना प्रभारी सुनील कुमार , एएसआई वीरपाल मौजूद रहे।

## खाटू श्याम कथा एवं भजन संध्या 20 से 23 अगस्त तक



**पंचकूला।** श्री श्याम सहारा परिवार की ओर से पंचकूला में पहली बार संगीतमय श्री श्याम कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 20 अगस्त से 23 अगस्त तक चलने वाले आयोजन में हजारों लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। श्री श्याम सहारा परिवार के सुरेंद्र गोयल ने बताया कि 20 से 22 अगस्त तक श्री श्याम कथा अग्रवाल भवन सेक्टर 16 पंचकूला में होगी। जिसके चलते भव्य निशान यात्रा 20 अगस्त को सुबह 12:30 बजे दुर्गा मंदिर सेक्टर 7 पंचकूला से शुरू होकर अग्रवाल भवन सेक्टर 16 तक आएगी। कथा विश्वविख्यात कथावाचक श्याम रतन श्री पप्पू शर्मा जी खाटू वाले सुनाएंगे। कथा रोजाना दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक चलेगी। उसके बाद शाम रसोई का भी आयोजन किया गया है संस्था के रोहित जिंदल ने बताया कि 23 अगस्त को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी, मोहन यदुवंशी, अभिषेक जी अपने भजनों से लोगों को भक्ति रस में डुबो एंगे यह कार्यक्रम शाम 7: 15 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। जिसमें बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर कथा सुनने की अपील की।

## दो घरों से आभूषण व नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सदर थाना** क्षेत्र के गांव बैंयापुर में दो घरों से चोर नकदी और आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सदर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बैयांपुर निवासी अंकित ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह रात को घर के अंदर सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे चोर उनके घर की खिडकी तोडकर अंदर घुस गए। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने 10 हजार रुपये की नकदी, सोने की बालियां, सोने की नाक की तिल्ली, चार चांदी की चेन, चार चांदी के सिक्के, चांदी का गले का सेट, चांदी की तागड़ी और अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें पता लगा कि चोर पड़ोसी कृष्ण के घर से भी 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले की सूचना के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। ताकि चोरों के बारे में कोई जानकारी पुलिस को मिल सके।

## अधिकारी बिजली के पोल का एस्टीमेट पहले से ही सही बनाएं: बिजली मंत्री

### अगर एस्टीमेट 3 गुना से ज्यादा है तो वह बिल ठीक नहीं है उसे जारी ही ना करें: चौधरी रणजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**



**नारनौल। हरियाणा के** बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि बिजली अधिकारी बिजली के पोल का स्टीमेट पहले से ही सही बनाएं। अगर स्टीमेट 3 गुना से ज्यादा बन गया है तो वह बिल ठीक नहीं है उसे जारी ही ना करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कई मामले संज्ञान में आए हैं जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले बिल बनकर जाता है अगर बिल बड़ा बन जाता था तो उसका फैसला हिसार में होता था। अब हमने इसे सर्किल डिजिट पर कर दिया है पहले एसई करेंगे उसके बाद एसडीओ करेंगे।

ऊर्जा मंत्री आज पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों द्वारा बिजली चोरी सिंगल डिजिट में आने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अब हमारा लाइन लॉस 9.25 है जो पहले 31 प्रतिशत था।

एक फीसदी लाइन लॉस घटने पर निगम को लगभग 300 करोड रुपए का फायदा होता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिजली के लिए चार कंपनियां काम कर रही हैं जो देश में एक नंबर पर है। हम गुजरात से भी आगे हैं।

# पुलकित बने हेड ब्वॉय, विशाखा बनी हेड गर्ल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**



**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं में नेतृत्व की क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। समारोह में छात्र पुलकित को स्कूल का हेड ब्वाय और छात्रा विशाखा को हेड गर्ल चुना गया। प्राचार्या गीता चोपड़ा के मार्गदर्शन में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को अपना दायित्व पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने की शपथ दिलाई गई । इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट काउंसिल में चयनित विद्यार्थियों को शैश पहनाकर बैज लगाया गया । अलंकरण समारोह में स्कूल की चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने शानदार मार्च पास्ट कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर चेयरमैन सुधीर जैन ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनसे अपने कर्तव्यों को परिश्रम और निष्ठा के साथ निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का होना बहुत जरूरी है। इस प्रकार की गतिविधियां उनके मनोबल को बढ़ावा देते हैं। सीनियर विद्यार्थियों को अनुशासित देखकर ही जूनियर छात्र-छात्राएं उनका अनुसरण करते हैं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना विकसित करना जरूरी है । कोई भी पद बड़ी जिम्मेदारी होती है ऐसे में उसे पूरी निष्ठा से निभाई जानी चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग एवं अनुशासित रहने की सलाह दी। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि अलंकरण समारोह के मद्देनजर छात्र-छात्राओं से मतदान कराया गया,जिसके परिणाम के आधार पर ही स्कूल के हेड ब्वाय और हेड गर्ल का चयन किया गया। उनकी योग्यता, क्षमता और कुशलता के अनुसार अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

**उद्देश्य**

**8 छात्रो में नेतृत्व की क्षमता व आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया**

## हरियाणा में बनेगा नारायण सेवा संस्थान का पहला सेवा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**



देश – दुनिया में मानव सेवा के विभिन्न प्रकल्पों से लाखों की ज़िन्दगी में खुशियाँ भरने वाला उदयपुर का नारायण सेवा संस्थान, दीन दु:खी -दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने व उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से कैथल हरियाणा में पहला सेवा केंद्र बनने जा रहा है। इसका नाम होगा दया गुप्ता मानव मंदिर। नारायण सेवा संस्थान के प्रवक्ता भगवान प्रसाद गौड़ ने प्रेस वार्ता में बताया कि संस्थान सर्वे भवंतु सुखिन: संकल्प के साथ उदयपुर मुख्यालय के अलावा आंध्र प्रदेश के हैदराबाद व राजस्थान के जयपुर में केंद्र संचालित कर रहा है। हरियाणा में बनने वाला दया गुप्ता मानव मंदिर संस्थान का तीसरे सेवा केंद्र के रूप में शामिल होगा। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल की प्रेरणा एवं कुशल नेतृत्व में भारत सहित विदेश में शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिए हर रोज शिविर और सेवा कार्य किए जा रहे हैं। "कुआं प्यासे के पास" भाव के साथ संस्थान हर जरूरतमंद और दु:खी प्राणी को उसके पास पहुंचकर उसके दु:ख मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसी सद्भावना के साथ संस्थान शाखा कैथल की तरह अन्य क्षेत्रों में भी सेवाएं संचालित करेगी। आने वाले महीनों में कैथल का सेवा केंद्र बनकर तैयार होगा तब संपूर्ण हरियाणा के दुर्घटनाग्रस्त और दिव्यांगजन हर रोज अपने घर के पास ही लाभ लेने लेंगे।

# मॉडल टाउन आरडब्ल्यूए ने मनाया स्वतंत्रता दिवस







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हर वर्ष की** भांति इस वर्ष भी 77वें आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मॉडल टाउन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन बशेशर नाथ गोटे वाला पार्क मॉडल टाउन में किया गया।

कार्यक्रम में मॉडल टाउन आरडब्लूए के साथ निवासी, अतिथिगण, नगर निगम एवं दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियो के साथ 6 स्कूलों के 300 छात्र-छात्राओ ने भारतवर्ष की आजादी की 77वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एकत्रित हुए। इस समारोह में मॉडल टाउन क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, निगम पार्षद विकेश सेठी, पूर्व निगम पार्षद सीमा निगम, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह और सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नत्थूराम नागर, आरडब्ल्यूए के संरक्षक नरेन्द्र चुघ ने सभी के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान के साथ मार्च पास्ट और सलामी के साथ बच्चों ने आजादी की खुशी मनाते हुए हवा के तिरंगे गुब्बारे छोड कर पूरे आकाश को तिरंगा कर डाला। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ने एक सुंदर और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें आजादी के समूह गान, कविता, भाषण, नृत्य, और गानों की मिली-जुली प्रस्तुति दी। जिसमे मुख्य रूप से एजीडीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल, दर्शन अकेडमी, दयानन्द पब्लिक स्कूल, सेंट मार्गरेट स्कूल, निगम प्रतिभा विद्यालय एमसीडी कालोनी एवं सनातन धर्म पब्लिक मिडल स्कूल प्रमुख रहे और इस अवसर पर एकत्रित विशाल जनसमूह ने कार्यक्रम का करतल ध्वनि करते हुए भरपूर आनंद उठाया। साथ ही मुद्रा प्रोडक्शन ने पंडित हरबंस जी के दिग्दर्शन में देश भक्ति का खूबसूरत कार्यक्रम












प्रस्तुत किया गया। स्वतंत्रता दिवस की सुबह से ही इस पार्क में एक-एक अत्याधिक प्रभावशाली बैगपाइपर बैंड ने अपनी मधुर ध्वनि से सभी को मनमोह लिया और साथ ही बच्चों के बैंड की टोली ने अपनी थाप से आकाश को गुंजायमान कर और बिगुल बजाते हुए सभी का स्वागत किया। आज प्रातः से ही मॉडल टाउन सेकंड पार्क के सामने लाउडस्पीकर पर आजादी के गीत आकाश को गुंजा कर रहे थे। जैसे कि उन सभी वीरो और स्वतंत्रता सेनानियों और सरहद की रक्षा करने वाले सैनिको को भारत के आजाद नागरिकों की खुशी का उन्हें भी एहसास हो। जिसके लिए उन्होंने कुर्बानियां और बलिदान दिया।

इस अवसर पर बशेशर नाथ गोटेवाला पार्क और पंडाल को विशाल तिरंगे के रूप में आजादी की दुल्हन की तरह सजाया गया जिसकी शोभा देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम संपूर्ण होने पर सभी विद्यालयों को एक सुंदर ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन, गिफ्ट हैं परस, एवं जलपान आहार आईस क्रीम आदि दिया गया और अपार जनसमूह में लड्डू और उपहार बाँट कर खुशियां मनाई। इस कार्यक्रम में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारियो और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने पिछले कोरोना काल और अब भी अथक कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जैसे कि आपको विदित है कि मॉडल टाउन आरडब्लूए संपूर्ण मॉडल टाउन और इसके निवासियों की सेवा में हमेशा तत्पर है और यह एकमात्र सक्रिय एवं प्रभावी संस्था है। इस मौके पर आरडब्ल्यूए के प्रधान विजय डालमिया ने अपना संदेश दे कर अपने विचार सभी उपस्थितजनों के साथ सांझा करें। उन्होंने कहा की हालांकि, आजादी के इतने साल बाद आज भी हमारा देश कई बेड़ियों में बंधा हुआ है, देश की ज्यादातर महिलाएं अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं, उनसे जुड़े फैसले आज भी उनके पिता, भाई या फिर पति द्वारा ही लिए जाते हैं। आज हम सबको मिलकर प्रण लेना चाहिए की मॉडल टाउन का प्रत्येक नागरिक एक जिम्मेदार, सभ्य और शिक्षित नागरिक बने एवं मॉडल टाउन को एक मॉडल बनाने को अपना कर्तव्य समझे।

आरडब्ल्यूए के महासचिव निर्भय नरुला ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आईये, मिलकर आजादी का जश्न मनाकर ये शपथ लें की बनाएंगे अपने माडल टाउन को भारत की तरह और भी महान। साथ ही उन्होंने कहा की अगर हम अपनी सड़कों पर कूड़ा न फेंके, तो वो भी देश भक्ती है, सड़कों और दीवारों पर न थूकें, दीवारों और करेंसी नोटों पर न लिखें तो वो भी देश भक्ती है। अपने धर्म का सम्मान करें लेकिन दूसरे का अपमान न करें। पानी और बिजली बचाएं तो वो भी एक तरह से देश भक्ती है। एक पौधा लगाइए और यातायात नियमों का पालन करें वो भी देश भक्ती है। अपने माता-पिता का ख्याल रखें और उनका आशीर्वाद लें, महिलाओं का सम्मान करें वो भी एक तरह से देश भक्ती है। हमें सबसे पहले खुद को बदलना होगा। तो देश अपने आप बदल जायेगा। अगर हम चाहते हैं कि अगली पीढ़ी स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में रहे, तो इन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

## बच्चों की तरह करें पेड़-पौधों की रक्षा: इन्दर सिंह नम्बरदार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बादली विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इन्दर सिंह नम्बरदार बादली ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। उन्होंने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें और दूसरो को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें।

## युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने मे जुटी हैं 'आस एक विश्वास स्किल डेवलपमेंट संस्था'

### 'संस्था जरूरतमंद लड़कियों को हुनरमंद बनाकर उनके सपनों को लगा रही हैं पंख'

**टीम एक्शन इंड़िया/ नई दिल्ली**
**महिलाओं व** युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी तकनीकी संस्थाओं में कम से कम 10वीं या12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। लेकिन गुरु हरिकिशन नगर के वार्ड नम्बर-48 में स्थित 'आस एक विश्वास स्किल डेवलपमेंट संस्था' ने गरीब अनपढ़ महिलाओं व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का बीड़ा उठाया है।

**4 साल पहले स्थापित की गई थी संस्था:** आपकी जानकारी के लिए बतां दें कि आस एक विश्वास स्किल डेवलपमेंट संस्था को स्थानीय निगम पार्षद मोनिका गोयल ने पार्षद बनने से पहले ही लगभग 4 वर्ष पूर्व स्थापित किया था तथा इस संस्था का संचालन वह अभी भी अपनी निगरानी में अपने कार्यालय से संचालित कर रही हैं। जहाँ पर सभी गरीब महिलाओं व युवतियों को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है।






मोनिका गोयल का कहना है की महिलाएं भले ही पुरुषों से हर क्षेत्र में आगे निकल रही हों, मगर आज भी सामाजिक बंधनों में जकड़ी हुई हैं, बावजूद इसके वह अपनी लगन व इच्छाशक्ति से साबित भी कर रहीं हैं कि युग व समाज बदल रहा है, अब नारी अबला नहीं है, नारी दुर्गा भी हैं और काली भी। इसी कड़ी में मोनिका ने आगे बताया कि मैने यह संस्था लगभग 4 साल पहले तब खोली थी जब में निगम पार्षद नहीं थी और अभी तक सैंकडो लड़कियों व बेसहारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी संस्था सिलाई-कढ़ाई जैसे हुनर में पारंगत कर जीने की राह दिखा रही हैं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मेरी सोच हैं कि हर नारी सशक्त बने, अपने पैरों पर खड़ी हो। इसी सोच पर पहरा देते हुए जरूरतमंद लड़कियों को हुनरमंद बनाकर उनके सपनों को पंख लगा रही हैं।

**संस्था महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर:** मोनिका गोयल ने बताया की मैने गरीब तबके की महिलाओं व युवतियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही सिलाई-कढ़ाई का रास्ता चुना है। तथा लड़कियों को मुफ्त में सिलाई-कढ़ाई सिखाकर व्यवसाय के लिए तकनीकी रूप से दक्ष बनाती हैं। और फिर उन्हें सिलाई मशीन भेंटकर अपना कारोबार शुरू करने के लायक बनाती है।

## फुटपाथ सहित मुख्य सड़क भी हैं अतिक्रमण की शिकार

**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी दिल्ली** के अंतगर्त आने वाले नांगलोई जिसको हम मिनी सदर बाजार भी कहे तो भी गलत नहीं होगा, जो कि काफी लंबे समय से अतिक्रमण का शिकार बन चुकी हैं। क्योंकि जहां एक ओर तो सरकार लाखों करोड़ो रूपए खर्च करके पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए फुटपाथ का निर्माण करवाती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण पाल गहलोत ने बताया कि पैदल यात्री इसके इस्तेमाल से वंचित रह जाता हैं, क्योंकि फुटपाथ तो दूर की बात हैं, सड़क का आधा हिस्सा भी रेहड़ी, रिक्शा वालों ने अतिक्रमण कर रखा हैं। लेकिन अफसोस की बात तो यह है







कि जिसके लिए इसे खर्च किया जाता है, वही पैदल यात्री इसके इस्तेमाल से वंचित हैं। पैदल यात्रियों के अलावा अन्य सभी फुटपाथ का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन फुटपाथ का पैदल यात्री इस्तेमाल करे इस ओर विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय पुलिस, निगम व लोक निर्माण विभाग इस समस्या पर ध्यान दें। **अतिक्रमण की भयावह स्थिति रोजाना राहगीरों को परेशान करती है:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण पाल गहलोत ने बताया कि नांगलोई रोड़ पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार हो चुका हैं। अतिक्रमण का यह खेल पूरी तरह संगठित तौर पर किया जाता है। कहने के लिए भले ही कभी कभार कार्रवाई की जाती है, यदि इक्का-दुक्का दिनों को छोड़ दें तो फुटपाथों पर अतिक्रमण की भयावह स्थिति रोजाना राहगीरों को परेशान करती है। इस संदर्भ में सरकारी अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं, कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

**अतिक्रमण के लिए पुलिस व निगम जिम्मेदार:** आर्य मोहल्ला आरडब्ल्यूए के पूर्व अध्यक्ष नितिन कुमार ने बताया कि फुटपाथ पर यदि अतिक्रमण हो तो इसे हटाने की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की बनती हैं। इसके अलावा दिल्ली पुलिस को भी पूरा अधिकार है कि यदि आवाजाही में किसी प्रकार की कोई बाधा सामने आ रही हो तो वह तुरंत कार्यवाही करें, लेकिन ऐसा होता नहीं हैं, जिसके चलते परिस्थिति ओर ज्यादा भयावह हो जाती हैं।

## कांग्रेस-भाजपा ने बस लोगों को ठगा हैं: सत्येंद्र गोस्वामी

### भाजपा दिल्ली सरकार की योजनाओं को कॉपी करने में है अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मुख्यमंत्री केजरीवाल के पूर्व प्रतिनिधि और मुंडका विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-34 से आम आदमी पार्टी के युवा नेता सत्येंद्र गोस्वामी ने कांग्रेस और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा हैं कि कांग्रेस और बीजेपी ने बस लोगों को ठगने के अलावा कोई काम नहीं किया हैं। वहीं आम आदमी पार्टी की स्कीमों को कॉपी करके दूसरे राज्यों के चुनाव मेनीफेस्टों में दिखाकर बस चुनाव जीतने के बारे में सोचती है, इनका लोगों के सुख-दुख और परेशानी से कोई सरोकार नहीं हैं। वहीं आगे सत्येंद्र ने बताया कि दिल्ली सरकार की फ्री बिजली योजना से दिल्ली के आम लोगों को बहुत सुकून मिला है, इससे उनका हर महीने के खर्चे का बोझ तो कम हुआ ही है, साथ ही इतनी भीषण गर्मी में भी उन्हें 24 घंटे बिजली मिल रही है।



**केजरीवाल सरकार ने दी हैं दिल्ली वालों को बहुत सहुलियत:** दिल्ली में आप सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और इंफ्रा के मामले में कई मुकाम हासिल किए है, उन्होने बताया कि दिल्ली सरकार के प्रयासों की वजह से पॉल्यूशन पहले की तुलना में काफी ज्यादा घटा हैं, जो कि पिछले 7-8 सालों में करीब 30 प्रतिशत की गिरावट है। वहीं पिछले तीन सालों से दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए फ्री बस सुविधा दी हुई है, अब महिलाएं पहले की तुलना में काम के लिए ज्यादा दूर तक सफर कर सकती हैं और बचत के जरिए अपने घरों में ज्यादा योगदान दे सकती हैं। वार्तालाप के दौरान सत्येंद्र ने कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताया और कहा कि कांग्रेस ने फ्री बिजली, महिलाओं के लिए फ्री यात्रा स्कीम को कॉपी करके अपना चुनाव प्रचार करती हैं, अगर उनको वाकई में लोगों की भलाई की परवाह होती तो सालों तक उनकी सरकार रहीं हैं, लेकिन देशहित में एक भी काम नहीं किया हैं, अगर कुछ किये है तो वह केवल घोटाले ही किये हैं। उन्होंने आगे बताया कि केवल आम आदमी पार्टी ही है, जो कि इन जनकल्याण योजनाओं के साथ रिवेन्यू भी जनरेट करने का काम कर रही है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।



भाजपा द्वारा आयोजित आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, रविन्द्र बैनिवाल व अन्य।